रोहतक, शुक्रवार 5 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-अमावस्या ■ वर्ष : 28, अंक : 159 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 मौसम अधि .33 .0 न्यून. 28 .0 haribhoomi.com

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




*सुबह पहले दिल्ली में एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत, पीएम मोदी से की मुलाकात*
पीएम ने वर्ल्ड कप विजेता टीम को दिया ब्रेकफास्ट, रोहित-पंत-हार्दिक का भंगड़ा
*बीसीसीआई सचिव शाह ने काटा केक*
*रोहित-कोहली बोले, ये पूरे देश की ट्रॉफी*

# घर लौटे चैंपियन

## देशवासियों ने बिछाए पलक पावड़े

*मुंबई में टीम इंडिया विक्ट्री परेड, तिरंगे और ट्रॉफी संग विजय रथ पर सवार हुए खिलाड़ी। मरीन ड्राइव पर 3 लाख से ज्यादा लोग जुटे*
***वानखेड़े स्टेडियम में नेशनल हीरोज को सम्मानित किया गया, खिलाड़ियों की एक झलक पाने को बेताब दिखा जनसैलाब***

*बारबाडोस में तूफान के कारण देरी से भारत लौटी टीम इंडिया*



1800 313 1212

### स्वागत के लिए दिल्ली और मुंबई में उमड़ा जनसैलाब

**नई दिल्ली/मुंबई (भाषा)।** टी20 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम गुरुवार को स्वदेश लौट आई। देशवासियों ने भी चैंपियंस के स्वागत में पलक पांवड़े बिछा दिए। दिल्ली से मुंबई तक चैंपियंस के स्वागत में भारी जनसैलाब उमड़ा। लोगों खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखाई दिए। देश में हर तरफ जश्न का माहौल दिखा। मुबई में खिलाड़ियों के स्वागत के लिए आयोजित विजय जुलूस (विक्ट्री परेड) में जनसैलाब उमड़ पड़ा। मरीन ड्राइव पर तीन लाख से अधिक प्रशंसक जमा हुए। भारी भीड़ के कारण दक्षिण मुंबई का यातायात पूरी तरह से ठप्प हो गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम से अनुसार विजय जुलूस नरीमन पॉइंट में नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) से शाम पांच बजे शुरू होकर वानखेड़े स्टेडियम में शाम सात बजे समाप्त होना था, लेकिन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम नई दिल्ली से देर से यहां पहुंची, जिससे परेड सात बजकर 30 मिनट के बाद ही शुरू हो पाई। इस विजय जुलूस का साक्षी बनने के लिए लाखों की संख्या में क्रिकेट प्रेमी मरीन ड्राइव पर पहुंच गए। *(पैकेज खेज पेज पर)*




#### दिल्ली से मुंबई तक चला जश्न

4 जुलाई का दिन भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के लिए यादगार रहा। टी-20 वर्ल्ड कप की घर वापसी हुई तो भारतीयों के चेहरे खिल उठे और वे अपने रणबांकुरों के लिए जश्न मनाने सड़कों पर उतरे। गुरुवार को टीम इंडिया की जीत का जश्न दिल्ली से मुंबई तक चला। सुबह 6.10 बजे से रात 10 बजे तक लोगों ने जश्न मनाय और ढोल नगाड़ों पर डांस किया।

#### मोदी को भेंट की विशेष जर्सी

खिलाड़ी मोदी के साथ मुलाकात के दौरान मुस्कराते हुए नजर आए। पीएम के साथ फोटो खिंचवाई। इस मौके पर बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी और सचिव जय शाह ने पीएम को नमो और नंबर वन लिखी जर्सी भेंट की। वहीं, खिलाड़ियों ने भी विशेष जर्सी पहन रखी थी, जिस पर मोटे अक्षरों में चैंपियन लिखा था और बाईं और दो सितारे थे।

### बीसीसीआई ने खिलाड़ियों को 125 करोड़ का इनाम दिया

#### सुबह करीब सवा 6 बजे दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरे

बारबाडोस से सुबह सुबह करीब सवा 6 बजे भारतीय टीम दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरी। उनके स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर फैंस हजारों की संख्या में पहुंच चुके थे। जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसके बाद टीम दोपहर बाद तीन बजकर 42 मिनट पर ही मुंबई के लिए रवाना हो पाई। वानखेड़े स्टेडियम को प्रशंसकों के लिए खोल दिया गया और कुछ मिनट में ही स्टेडियम खचाखच भर गया। स्टेडियम के गेट को शाम पांच बजे के लगभग बंद कर दिया गया और कई प्रशंसक बाहर इंतजार करते रह गए।

#### ऐसे चला विजय रथ

भारतीय टीम विस्तारा विमान से छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 पर पहुंची, जहां उसे 'वाटर सैल्यूट' दिया गया। इसके बाद खिलाड़ी विजय रथ (ओपन रूफ बस में) पर तिरंगे और ट्रॉफी के साथ सवार होकर मुंबई के नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे। यहां सम्मान समारोह में बीसीसीआई ने टीम को 125 करोड़ का इनाम देकर सम्मानित किया। विक्ट्री परेड के दौरान विजय रथ पर सवार खिलाड़ी बारी-बारी से आगे आए और फैंस के साथ जीत सेलिब्रेट की। कप्तान रोहित शर्मा व विराट कोहली एक साथ बस की छत पर दिखे।

## खबर संक्षेप

### पीएम आठ से रूस और ऑस्ट्रिया की यात्रा पर



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आठ और नौ जुलाई को रूस की दो दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। वे यहां 22वें भारत रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और इन दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण समीक्षा की जाएगी। विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। भाषा

### सेंसेक्स पहली बार 80,000 के पार बंद



**मुंबई।** तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 62.87 अंक यानी 0.08% की बढ़त के साथ अबतक के उच्चतम स्तर 80,049.67 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 15.65 अंक यानी 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,302.15 अंक पर बंद हुआ। भाषा

# हिसार में निजी स्कूल की बस तीन वाहनों से टकराई, बच्चे सुरक्षित

**बस में 40 बच्चे सवार थे, बाल-बाल बचे | भीड़ ने ड्राइवर को पीटा, कहा-नशे में था | ड्राइवर व स्कूल प्रबंधन बोला, ब्रेक फेल हुए | पहले कार, बाइक व ट्रक को मारी टक्कर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार-दिल्ली नेशनल हाईवे नंबर 9 पर एक निजी स्कूल की ने बस कई वाहनों को टक्कर मार दी। घटना के समय बस में 40 बच्चे भी सवार थे। सभी बच्चे सुरक्षित हैं। बस की गति काफी तेज बताई जा रही है। मौके पर मौजूद लोगों ने ड्राइवर को उतारकर उसकी धुनाई कर दी। ड्राइवर का कहना है कि बस के ब्रेक फेल हो गए थे, जबकि लोगों का कहना है कि ड्राइवर ने शराब पी रखी थी। स्कूल बस ने दो से तीन वाहनों को टक्कर मारी, जिसके बाद एक बाइक सवार इसकी चपेट में आ गया। बाइक सवार की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस मामले में स्कूल प्रिंसिपल ने कहा की ड्राइवर नशे में नहीं था। शिक्षा अधिकारी ने भी कहा कि बारिश की वजह से लेदर में पानी जाने से ब्रेक नहीं लगे।


हिसार। दुर्घटनाग्रस्त निजी स्कूल की बस। फोटो : हरिभूमि

■ कार में बैठी दो महिलाएं बाल-बाल बचीं, बाइक सवार घायल
■ बाइक सवार की हालत गंभीर

#### दूसरे वाहन से बच्चों को स्कूल भेजा

मौके पर जमा लोगों ने बताया कि ड्राइवर नशे में था और तेज गति से बस चला रहा था। यह हादसा नेशनल हाइवे पर गांव मय्यड़ के पास हुआ। बच्चों को दूसरे वाहन में स्कूल भेज दिया गया है, वहीं ड्राइवर का कहना है कि बस के ब्रेक फेल हो गए थे। वह नशे में नहीं था।

#### बस के ब्रेक फेल हुए : ट्रांसपोर्ट इंचार्ज

निजी स्कूल के ट्रांसपोर्ट इंचार्ज बलवंत का कहना है कि सभी बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं। ड्राइवर ने शराब नहीं पी रखी थी। गाड़ी के ब्रेक फेल हो गए थे। यह बस एचएयू के गेट नंबर 4 और मेन रोड से बच्चों को स्कूल लेकर आती है। बारिश में बस के अचानक ब्रेक फेल होने से हादसा हुआ है।



# हेमंत सोरेन ने झारखंड की कमान फिर संभाली

### 13वें मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली

**रांची (भाषा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने बृहस्पतिवार की शाम यहां राजभवन में राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि झारखंड के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने राजभवन में हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। जेल से निकलने के छठे दिन ही उन्होंने राज्य की कमान एक बार फिर से अपने हाथ में ले ली है। इसके साथ ही तीसरी बारके सीएम पद की शपथ लेने वाले वे तीसरे सीएम बन गए हैं। उनसे पहले उनके पिता शिबू सोरेन और बीजेपी नेता अर्जुन मुंडा तीन बार सीएम पद की शपथ ले चुके हैं।

जिस राजभव से गिरफ्तार हुए वहीं 156 दिन बाद ली शपथ
■
तीसरी बार सीएम पद की शपथ लेने वाले वे तीसरे सीएम बने

#### भाजपा के षड्यंत्र की हार हुई : सोरेन

हेमंत सोरेन के इस शपथ को इसलिए भी खास माना जा रहा है कि 31 जनवरी को जिस राजभवन से उनकी गिरफ्तारी हुई थी, 156 दिन बाद दोबारा फिर से उन्होंने वहीं शपथ ली। हेमंत सोरेन इसे अपनी जीत और बीजेपी के षड्यंत्र की हार बता रहे हैं।

# हाथरस भगदड़ : दो महिलाओं सहित छह सेवादार गिरफ्तार

**मुख्य आरोपित सेवादार मधुकर पर एक लाख का इनाम घोषित | जल्द ही प्रकाश मधुकर के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी होगा | हरिनारायण विश्वहरि उर्फ भोले बाबा से भी हो सकती है पूछताछ**

**हाथरस (उप्र) (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस भगदड़ कांड के सिलसिले में अब तक 6 सेवादारों को किया गया है। गिरफ्तार आरोपितों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। अलीगढ़ संभाग के पुलिस महानिरीक्षक शलभ माथुर ने बताया कि पिछले मंगलवार को हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र स्थित फुलरई गांव में आयोजित हरिनारायण साकार विश्वहरि उर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत के मामले में अब तक दो महिला सेवादारों समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। प्रमुख अभियुक्त और मुख्य सेवादार देव प्रकाश मधुकर अभी फरार है। उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया है। उसके खिलाफ जल्द ही गैर जमानती वारंट भी जारी किया जाएगा। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा, 'विवेचना में इस चीज को भी देखा जाएगा कि किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा कोई आपराधिक षड्यंत्र तो नहीं किया गया था।' भोले बाबा से पूछताछ या उसकी गिरफ्तारी की सम्भावना के बारे में पूछने पर माथुर ने कहा, आगे किसी की गिरफ्तारी होगी या नहीं, यह विवेचना पर निर्भर करेगा।

#### जो दोषी होगा उस पर कार्रवाई होगी

अधिकारी ने कहा कि जांच में किसी की भूमिका निकलकर आएगी और जो भी दोषी मिलेगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। जरूरत पड़ेगी तो बाबा से भी पूछताछ की जाएगी। पकड़े गए लोगों में राम नरेते, उपेन्द्र सिंह यादव, नेक सिंह, मंजू यादव, मुकेश कुमार और मंजू देवी शामिल हैं। पूछताछ में इन लोगों ने बताया कि वे सभी सत्संग आयोजन समिति के सदस्य हैं। वे मुख्यतः सेवादार के रूप में काम करते हैं और ऐसे कई आयोजन करा चुके हैं।

#### 121 की हुई मौत

हाथरस के फुलरई गांव में भोले बाबा द्वारा आयोजित सत्संग में मंगलवार को मची भगदड़ में 121 लोगों की मौत हो गई थी व 31 अन्य घायल हो गए थे। पुलिस ने थाने में मुख्य सेवादार देवप्रकाश मधुकर और अन्य सेवादारों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), 110 (गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास), 126 (2) (गलत तरीके से रोकना), 223 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेश की अवज्ञा), 238 (साक्ष्यों को मिटाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया था।

#### जांच कर रहा न्यायिक आयोग

राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग गठित किया है। पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि भगदड़ में मारे गए सभी 121 लोगों की शिनाख्त हो चुकी है। इनमें हाथरस के 19, आगरा के 18, अलीगढ़ के 17, मथुरा के 11, कासगंज और एटा के 10-10 तथा बदायूं के छह लोगों के अलावा अन्य जिलों के लोग शामिल हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

# नीट-यूजी परीक्षा रद नहीं करने की अपील

**नई दिल्ली (भाषा)।** नीट-यूजी में सफल हुए गुजरात के 50 से अधिक परीक्षार्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर केंद्र व एनटीए को पांच मई को हुई परीक्षा रद नहीं करने का निर्देश देने का अनुरोध किया। उन्होंने शीर्ष अदालत से केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को नीट-यूजी परीक्षा में पेपर लीक और नकल जैसी अनुचित गतिविधियों में शामिल छात्रों तथा अन्य लोगों की जांच व पहचान करने और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश देने की भी मांग की है। गुजरात के 56 छात्रों ने यह याचिका ऐसे समय में दायर की है, जब प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की एक पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली है। इन याचिकाओं में दोबारा परीक्षा कराने और पहले हुई परीक्षा की जांच की मांग की है।

56 सफल छात्रों ने दायर की याचिका
■
इस मामले में 8 जुलाई को होनी है सुनवाई

### राहत | मौसम विभाग का दावा, अभी प्रदेश में मानसून सक्रिय रहेगा

*शहरों और कस्बों में जलभराव ने बढ़ाई लोगों की परेशानी*

# आधे हरियाणा में झमाझम बरसात किसानों की पौ बारह, गर्मी से राहत

**हरियाणा (हरिभूमि टीम )।** मानसून ने गुरुवार को आधे हरियाण को भिगो दिया। प्रदेश के 11 से 12 जिलों में कहीं झमाझम बारिश तो कहीं रुक रुककर मध्यम से तेज बारिश हुई। बारिश ने जहां लोगों को गर्मी और उमस से राहत दिलाई, वहीं किसानों की भी पौ बारह कर दी है। इस समय बारिश किसानों के लिए अमृत बनी है। इससे धान की रोपाई में तेजी आएगी और भीषण गर्मी से झुलस रही फसलों को लाभ मिलेगा। हालांकि शहरी इलाकों में बारिश ने जलभराव से परेशानी बढ़ा दी है। लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। दिनभर मौसम सुहाना बना रहा। वीरवार का अधिकतम तापमान 32 डिग्री व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री तक दर्ज किया गया।

*गुरुवार को प्रदेश के फतेहाबाद, कुरुक्षेत्र, झज्जर, सिरसा, हिसार, रेवाड़ी, नारनौल, रोहतक, सोनीपत, कैथल और भिवानी में जोरदार बरसात हुई।*



#### सात तक बारिश संभव

जींद में मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि बारिश ने गर्मी और उमस से राहत दिलाई है। फसलों को भी अच्छा फायदा पहुंचा है। अभी प्रदेश में 5 से 7 जुलाई तक बारिश होने की संभावना है। आठ व नौ जुलाई को आसमान में बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं पर गरज चमक के साथ बारिश की संभावना है।

#### फतेहाबाद में मूसलाधार

फतेहाबाद में सुबह हुई मूसलाधार बारिश ने सारी कमी दूरी कर दी। यहां साढ़े 3 घंटे हुई बारिश से मौसम तो सुहावना हुआ ही, शहर के अधिकांश इलाकों में जलभराव हो गया। मुख्य बाजार, सड़कें पानी से लबालब नजर आई। फतेहाबाद में 22 एमएम बारिश दर्ज की गई। बता दें कि दिसम्बर से जून तक यहां नाममात्र ही बारिश हुई है। इस कारण गेहूं की फसल भी प्रभावित हुई थी और अब पर्याप्त पानी बरसने से धान की बम्पर बिजाई की उम्मीद है। हालांकि दोपहर बाद उमस से लोग बेहाल दिखाई दिए। शहर में जलभराव के कारण लोगों व दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### तीन माह में तीसरा मामला

# केरल में दिमाग खाने वाले अमीबा से नाबालिग की मौत

**कोझिकोड(एजेंसी)।** केरल में ब्रेन ईटिंग अमीबा से इंफेक्शन (अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस) के चलते एक 14 साल के लड़के की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक मृदुल नाम का यह लड़का एक छोटे तालाब में नहाने गया था, जिसके चलते उसे यह इंफेक्शन हुआ। केरल हेल्थ डिपार्टमेंट ने बताया कि मृदुल का प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। जहां उसकी मौत हो गई। प्राइमरी अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस' यानी पीएम इंफेक्शन गंदे पानी में पाए जाने वाले फ्री-लिविंग अमीबा के कारण होता है। यह नाक की पतली त्वचा से शरीर में घुस जाता है। मई 2024 के बाद से केरल में संक्रमण का यह तीसरा मामला है। पहले केस में 21 मई को मलप्पुरम में 5 साल की लड़की की मौत हुई। दूसरा 25 जून को कन्नूर की 13 साल की लड़की की मौत का था।


तालाब में नहाते वक्त नाक के जरिए घुसा था

### मुख्यमंत्री ने संत कबीर कुटीर में लोगों से की मुलाकात, पूर्व मंत्री किरण चौधरी व श्रुति चौधरी भी पहुंचीं

# हर वर्ग का कल्याण सुनिश्चित करेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

■ प्रदेश के विकास में बंसीलाल के योगदान को सराहा

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए राज्य सरकार 36 बिरादरी को साथ लेकर हर वर्ग के कल्याण के लिए और हर क्षेत्र का समान विकास सुनिश्चित कर रही है और आगे भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मुख्यमंत्री उनके निवास स्थान संत कबीर कुटीर पर प्रदेश के नागरिकों से मुलाकात कर रहे थे। इस दौरान पूर्व मंत्री किरण चौधरी व पूर्व सांसद श्रुति चौधरी भी उपस्थित रहीं। उन्होंने ने कहा कि देश के विकास में महिलाओं की भी बड़ी महत्वपूर्ण भागीदारी है। महिलाएं न केवल एक सभ्य परिवार बल्कि सभ्य समाज के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाती हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देकर महिलाओं का सम्मान किया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल ने हरियाणा के विकास को एक नई दिशा दी थी। वे दिन-रात हर व्यक्ति के विकास के लिए चिंता करते थे। हर गांव में बिजली, पानी और सड़क पहुंचाने का कार्य उन्हीं के कार्यकाल में पूरा हुआ था और गांवों में इस प्रकार के ढांचागत विकास करने के मामले में हरियाणा पहले नंबर पर था।



चंडीगढ़। लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

## विमुक्त और घुमंतू जाति के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलेंगे घर : नायब

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि विमुक्त और घुमंतू जाति के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी व ग्रामीण के तहत आवास की सुविधा मिलेगी। इसके लिए सभी परिवार पोर्टल पर अपना पंजीकरण अवश्य करवाएं ताकि उनके सिर पर छत के सपने को साकार किया जा सके।मुख्यमंत्री अपने निवास स्थान संत कबीर कुटीर पर बाबा लक्खी शाह बंजारा जी की जयंती के अवसर पर उनसे मिलने आए बंजारा समाज के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा लक्खी शाह बंजारा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि आगामी 31 अगस्त को सरकारी तौर पर विमुक्त दिवस मनाया जाएगा।



**डिनोटिफाइड जनजाति विकास निगम के गठन का आश्वासन :** मुख्यमंत्री ने कहा कि विमुक्त, घुमंतू व टपरीवास (डी-नोटिफाइड) जातियों की सूची में अनुसूचित जाति की 20 तथा पिछड़ा वर्ग की 13 जातियां शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन जातियों के कल्याण और उन्हें मुख्यधारा में लाने के लिए राज्य सरकार ने अलग से बोर्ड का गठन किया गया है और भविष्य में बोर्ड के सदस्य इन्हीं समाज से नामित किए जाएंगे।

## ट्यूबवेल कनेक्शन के अनधिकृत लोड की घोषणा को योजना शुरू

चंडीगढ़। सरकार ने प्रदेश के कृषि उपभोक्ताओं हेतु कृषि टयूबवैल कनैक्शन के लिए स्वैच्छिक लोड घोषणा योजना -2024 शुरू की है। इस योजना के तहत उपभोक्ता को अपना लोड बढ़वाने के लिए 100 रुपये प्रति किलोवाट की दर से जमा करवाने होंगे । इसके अतिरिक्त सर्विस कनेक्शन शुल्क जो कि सामान्य अवस्था में 1500 रुपये प्रति बीएचपी है की वसूली नहीं की जाएगी और उनका लोड बिना किसी जुर्माने के नियमित कर दिया जाएगा। यह योजना 01 जुलाई, 2024 से 15 जुलाई, 2024 तक जारी रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. साकेत कुमार ने बताया कि ट्यूबवेल कनैक्शन का लोड बढ़ाने की योजना का सर्कुलर विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है । इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को आवेदन करने से पहले अपने सभी बकाया बिलों का भुगतान करना होगा। कृषि उपभोक्ता यूएचबीवीएन पोर्टल पर आवेदन करके अपने टयूबवैल कनेक्शन की मोटरों के विस्तारित लोड की घोषणा कर सकते हैं।

हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा समिति (एचएसटीईएस) पंचकूला
टोल फ्री प्रवेश हैल्पलाइन नं.: 1800-137-3735

सार्वजनिक सूचना
सत्र 2024-25 हेतु डिप्लोमा इंजी. कोर्स प्रवेशों हेतु

- वेबसाइट अर्थात www.techadmissionshry.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण हेतु अन्तिम तिथि 08.07.2024 है।
- पंजीकरण के पश्चात नामांकित केन्द्र (सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त बहुतकनीकीयों) में क्वालीफाइंग परीक्षा के प्रमाणीकरण हेतु अन्तिम तिथि 09.07.2024 है।
- केन्द्रीयकृत काउंसलिंग 12.07.2024 से प्रारम्भ होगी।

techadmissionshry.gov.in
www.hstes.org.in

संवाद-2238/11/12/2025/27394/सी/88/6 दि. 02.07.24
संयुक्त निदेशक, एचएसटीईएस

## 444 महिलाओं को बेस्ट मदर अवॉर्ड से किया जाएगा सम्मानित : गोयल

■ 15 जुलाई को अंबाला में होगा राज्यस्तरीय सम्मान समरोह

**चंडीगढ़।** हरियाणा के महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश की महिलाओं और बच्चों को पूर्ण रूप से स्वस्थ रखने व उनके सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस उद्देश्य को हासिल करने के लिए सरकार उनके पोषण पर विशेष ध्यान दे रही है। उन माताओं को , जिन्होंने अपने नवजात शिशुओं और स्वयं की देखभाल करने में उत्कृष्ट योगदान दिया है , ऐसी 444 माताओं को अंबाला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में 15 जुलाई को बेस्ट मदर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। असीम गोयल ने चंडीगढ़ में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने के बाद इस आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बेस्ट मदर अवॉर्ड के तहत ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान पर आने वाली महिला को 4 हजार , द्वितीय स्थान पर 3 हजार और तृतीय स्थान पर आने वाली महिला को 2 हजार रुपये की राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने महिलाओं के प्रति अपनी ओर से विशेष सम्मान प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने संसार को सभ्य बनाया।

## पंचकूला में खुलेगा सब्जियों और फल का उत्कृष्टता केंद्र : कंवरपाल

■ ब्रिटेन के साथ एमओयू, 115 करोड़ की लागत आएगी

**चंडीगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवर पाल ने बताया कि पंचकुला में ब्रिटेन के सहयोग से फल व सब्जियों के प्रबंधन के लिए 115 करोड़ रुपए की लागत से एक उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना की जायेगी। इस संबंध में एक एमओयू साइन किया गया है। यह केंद्र वर्ष 2026 तक बन कर तैयार हो जाएगा।कंवर पाल ने बताया कि विश्व स्तर पर फल व सब्जियों के उत्पादन में भारत दूसरे स्थान पर है, परंतु इस उत्पादन क्षमता का 20 से 30 प्रतिशत नष्ट हो जाता है। इस उत्कृष्टता केंद्र से प्रदेश के किसानों की फल व सब्जियों का सही रखरखाव हो सकेगा। उन्होंने बताया कि यह उत्कृष्टता केंद्र अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाकर, विदेश व अन्य राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों के सहयोग से विकसित किया जायेगा। तुडाई उपरान्त फल व सब्जियों को भंडार व परिवहन में सही तापमान व आर्द्रता पर रखा जा सकेगा।
कृषि मंत्री ने बताया कि उत्कृष्टता केंद्र के निर्माण से देश में कोल्डचेन को सुदृढ़ करने व साथ ही कोल्डचेन में प्रयोग होने वाली ऊर्जा को न्यूनतम करने में सहयोग मिल सकेगा।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | चालक सहित 24 घंटे एसडीओ 'ओपी' एस/डिवीजन यूएचबीवीएन गुहला के तहत पीछे की साइड से खुली 1 अदद महिन्द्रा / कोई अन्य जीप को किराये पर लेना (शिकायत केन्द्र हेतु)। | बंद होने की तिथि 12.07.2024 | बोली दस्तावेज की कीमत रु. 500/- होनी चाहिए और धरोहर राशि जमा रु. 6000/- प्रति वाहन होगी। | www.uhbvn.org.in, NITNo. 03/2024-25 dated 01.07.2024 | 93154-57367 |
| 2 | यूएचबीवीएन | चालक सहित 24 घंटे एसडीओ 'ओपी' एस/डिवीजन यूएचबीवीएन चीका के तहत 1 अदद महिन्द्रा / कोई अन्य जीप आधी खुली बॉडी कैम्पर को किराये पर लेना (शिकायत केन्द्र हेतु)। | बंद होने की तिथि 12.07.2024 | बोली दस्तावेज की कीमत रु. 500/- होनी चाहिए और धरोहर राशि जमा रु. 6000/- प्रति वाहन होगी। | www.uhbvn.org.in, NITNo. 02/2024-25 dated 01.07.2024 | 93154-57367 |
| 3 | यूएचबीवीएन | चालक सहित 24 घंटे एसडीओ 'ओपी' एस/डिवीजन यूएचबीवीएन चीका के तहत पीछे की साइड से खुली 1 अदद महिन्द्रा / कोई अन्य जीप को किराये पर लेना (शिकायत केन्द्र हेतु)। | बंद होने की तिथि 12.07.2024 | बोली दस्तावेज की कीमत रु. 500/- होनी चाहिए और धरोहर राशि जमा रु. 6000/- प्रति वाहन होगी। | www.uhbvn.org.in, NITNo. 01/2024-25dated01.07.2024 | 93154-57367 |
| 4 | यूएचबीवीएन | बहुमंजिला कार्यालय भवन झज्जर में मौजूदा जीर्ण हुए सीवेज पाइप लाइन और सैनीटरी फिटिंग्स को बदलना। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 3.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDERNO-06/CCR/2024-25 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 5 | यूएचबीवीएन | 33 केवी सब स्टेशन मांडोठी (बहादुरगढ़) में Y एंगल, बार्ब्ड वायर की आपूर्ति व फिक्सिंग और इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक्स को बिछाना। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 2.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in TENDERNO-07/CCR/2024-25 | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/100/27474/I/88/6 दि. 04.07.24

## प्रदेश में यू-टर्न की सरकार चल रही : नेता प्रतिपक्ष

■ सरकार के गलत फैसलों से प्रदेश की जनता का नुकसान हुआ

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा का कहना है कि हरियाणा में निकम्मी, नकारा, नाकाम और यू-टर्न सरकार चल रही है। लोकसभा में करारी हार के बाद से ये सरकार कोई काम करने के स्थान पर सिर्फ अपने फैसलों से यू-टर्न मारने में लगी है। ऐसे में भाजपा को जवाब देना चाहिए कि उसके मौजूदा फैसले सही थे या अभी लिए जा रहे फैसले सही हैं, सरकार के ऊल-जलूल फैसलों के चलते 10 बरस में जनता का जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई कौन करेगा। हुड्डा प्रेस क्लब में मीट द प्रेस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 10 साल एक के बाद एक जनविरोधी नीतियां बनाने वाली बीजेपी अब चुनाव में हार सामने देखकर घोषणाएं करने में लगी है।



### दो लाख से ज्यादा पद खाली : हुड्डा

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हरियाणा के सरकारी विभागों में 2 लाख से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। तमाम विभाग कर्मचारियों के भारी टोटे को झेल रहे हैं। इसकी वजह से जनता को हर छोटे-बड़े काम के लिए दफ्तरों के बार-बार धक्के खाने पड़ते हैं और इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। इसलिए प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर खाली पदों को भरना और बेरोजगारी पर अंकुश लगाना पहली प्रथामिकता होगी। कांग्रेस फिर से हरियाणा को बेरोजागरी और अपराध मुक्त राज्य बनाएगी। प्रदेश से अगर बेरोजगारी व अपराध खत्म होगा तो इससे नशा, पलायन रुकेगा, निवेश आएगा और हरियाणा उन्नति करेगा।

## प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब : ढांडा

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में बीजेपी के राज में अपराधियों का जंगल राज चल रहा है। पुलिस एएसआई की हत्या के 39 घंटे बाद भी अपराधी गिरफ्त से बाहर हैं और खुलेआम घूमकर पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। ये घटना मुख्यमंत्री के करीबी विधायक के क्षेत्र की है। फिर भी सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता डरी हुई है। खुलेआम गोलियां चलाकर फिरौती मांगी जा रही है। हिसार के व्यापारियों ने सरकार पर दबाव बनाने के लिए बंद का ऐलान किया है।

## प्रदेश में अपराधी मचा रहे उत्पात : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद सैलजा ने कहा कि एक ओर प्रदेश की भाजपा सरकार सुशासन का दावा कर रही है तो दूसरी ओर अपराधियों ने जमकर उत्पात मचाया हुआ है, पुलिस हाथ पर हाथ रखकर बैठी है और सरकार सब कुछ देखकर भी अनदेखी कर रही है। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। जनवरी से जून 2024 के बीच 182 दिनों में प्रदेश में 465 हत्याएं, 720 बलात्कार और 813 अपहरण, दहेज हत्या की 80, महिलाओं से छेड़छाड़ की 709 घटनाएं हो चुकी है।


## हाउसिंग बोर्ड की नौ सेवाएं सेवा का अधिकार अधिनियम के दायरे में

**चंडीगढ़।** सरकार ने सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत नागरिकों को प्रदान की जाने वाली हाउसिंग बोर्ड की 9 सेवाओं की निर्धारित समय-सीमा, पदनामित अधिकारी तथा प्रथम और द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी अधिसूचित किए हैं।

### अधिसूचना जारी

मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद द्वारा गुरुवार यहां जारी एक अधिसूचना के अनुसार आवंटन पत्र की प्रतिलिपि या किसी दस्तावेज की प्रतिलिपि जारी करने की समय-सीमा 21 दिन निर्धारित की गई है। हस्तांतरण विलेख जारी करने तथा साधारण मुख्त्यारनामा के माध्यम से हस्तांतरण विलेख जारी करने की समय-सीमा 15 होगी। बेबाकी प्रमाण-पत्र जारी करने की समय-सीमा 30 दिन तथा विक्रय के मामले में ट्रांसफर की अनुमति 15 दिन के अंदर दी जाएगी। इसी प्रकार, मृत्यु के मामले में सम्पत्ति का ट्रांसफर (निर्विरोध) 50 दिन तथा रेहन के लिए अनुमति 10 दिन के भीतर जारी की जाएगी।


**पुनः आवंटन पत्र 21 दिन के अंदर जारी किया जाएगा**



विक्रय विलेख के निष्पादन के बाद स्वामित्व परिवर्तन या पुनः आवंटन पत्र 21 दिन के अंदर जारी किया जाएगा। हस्तांतरण विलेख से पहले संपत्ति का ट्रांसफर 50 दिन तथा प्लाटों का सीमांकन 21 दिन के अंदर किया जाएगा। इन सभी सेवाओं के लिए सम्पदा प्रबंधक को पदनामित अधिकारी जबकि मुख्य राजस्व अधिकारी (पी.एम.) को प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी और सचिव को द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी नामित किया गया है।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 332 दिनांक 05.06.24 धारा 346 IPC थाना शिवाजी कालोनी जिला रोहतक ।



गुमशुदा की पहचान
नाम - प्रताप सिंह (रिटायर्ड टीचर)
पिता/पति का नाम - पुत्र मांगे राम
पता - निवासी आजाद नगर, रोहतक जिला रोहतक (हरियाणा)
उम्र- 73 वर्ष
कद- 05 फुट 09 ईंच
हुलिया- रंग गोरा, लम्बा चेहरा, दरमियाना शरीर, गोल नाक, सफेद बाल व काली आंखें हैं और दिमागी रुप से परेशान हैं।
पहनावा - सफेद रंग की लाईनदार कमीज, भूरे रंग की पैन्ट व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 03.06.24 को प्रताप सिंह (रिटायर्ड टीचर) पुत्र मांगे राम निवासी आजाद नगर, रोहतक जिला रोहतक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक अपने घर से घूमने के लिए गया था और जो आज तक घर वापिस नहीं आया है। जिसके घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा। गुमशुदा के परिजनो द्वारा 50000/- ईनाम देने बारे घोषणा की गई है।
1. प्रबन्धक थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7082999119
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना शिवाजी कालोनी रोहतक- 7238004800

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**


अभियोग संख्या 156 दिनांक 30.06.2024 धारा 346 IPC थाना आर्य नगर जिला रोहतक ।



गुमशुदा की पहचान
नाम- कुनाल
पिता/पति का नाम - पुत्र बिजेन्द्र लाल
पता - निवासी घनीपुरा, जिला रोहतक
उम्र- 17 वर्ष
कद - 5 फुट 4 इंच
हुलिया- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, बांए हाथ की कलाई पर गोल निशान गुदा हुआ।
पहनावा - लाल बनियान, नीली लोवर, व पैरों मे काले रंग की चप्पल पहने हुए।
दिनांक 30.06.24 को कुनाल पुत्र बिजेन्द्र लाल निवासी घनीपुरा, जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चला गया है। जो आज तक घर वापिस नहीं आया है। जिसके घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा
1. प्रबन्धक थाना आर्य नगर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आर्य नगर रोहतक- 9416953172

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 227 दिनांक 03.07.24 धारा 127(6) BNS 2023 थाना सांपला जिला रोहतक ।



गुमशुदा की पहचान
नाम - सुभाष चन्द्र
पिता/पति का नाम- पुत्र
पता- गांव गढी सांपला जिला रोहतक
उम्र- 51 वर्ष
कद- 5 फुट 8 इंच
हुलिया- रंग गेहुंआ, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, सफेद बाल व काली आँखें ।
पहनावा - काले रंग की शर्ट, भूरे रंग की पैन्ट व पैरों में चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 03.07.24 को सुभाष चन्द्र निवासी गांव गढी सांपला जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चला गया है। जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है। जो पहले भी कई बार घर से जा चुका है। जिसके घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9466458250

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 228 दिनांक 03.07.24 धारा 140(3) BNS 2023 थाना सांपला जिला रोहतक ।



गुमशुदा की पहचान
नाम - पार्वती व कुम-कुम दोनों बहनें हैं
पिता/पति का नाम- पुत्री महेश शाह
पता - गांव सिंगारपुर थाना धोरैया जिला बांका राज्य बिहार हाल किराएदार शिव विहार कालोनी, सांपला जिला रोहतक
उम्र- 16 वर्ष व 15 वर्ष
कद- 5 फुट 2 ईंच व 5 फुट 3 इंच
हुलिया- 1. रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल व काली आँखें।
2. रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल व काली आँखें ।
पहनावा - 1. पीले रंग का सूट सलवार व पैरों में काले रंग की चप्पल पहने हुए है।
2. काले रंग का सूट सलवार व पैरों में नीले रंग की चप्पल पहने हुए है।
दिनांक 03.07.24 को पार्वती व कुम-कुम पुत्री महेश शाह निवासिया गांव सिंगारपुर थाना धौरैया जिला बांका राज्य बिहार हाल किराएदार शिव विहार कालोनी, सांपला जिला रोहतक की रहने वाली है, दोनों बहनें हैं बिना किसी को बताए घर से चली गई हैं। जिनके घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9050168169

पीआरडीएच-1084/11/2499/2025/27478/88/6 दि. 04.07.24

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 156 दिनांक 30.06.2024 धारा 346 IPC थाना आर्य नगर जिला रोहतक ।



गुमशुदा की पहचान
नाम- साहिल
पिता/पति का नाम - पुत्र सुखीराम
पता- निवासी घनीपुरा, जिला रोहतक
उम्र- 15 वर्ष
कद- 5 फुट 2 इंच
हुलिया- रंग सांवला, गोल चेहरा, पतला फुर्तीला शरीर, दाहिने हाथ पर ताबीज बंधा हुआ।
पहनावा - मिट्टी रंग की टी-शर्ट, सफेद लोवर, व पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।
दिनांक 30.06.24 को साहिल पुत्र पुत्र सुखीराम निवासी घनीपुरा, जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चला गया है। जो आज तक घर वापिस नहीं आया है। जिसके घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा
1. प्रबन्धक थाना आर्य नगर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना आर्य नगर रोहतक- 9416953172

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 244 दिनांक 30.06.2024 धारा 365 IPC थाना कलानौर जिला रोहतक ।



गुमशुदा की पहचान
नाम- गोलू
पिता/पति का नाम - पुत्र सुनील
पता- निवासी बनियानी, जिला रोहतक
उम्र- 17 वर्ष
कद- पता नहीं।
हुलिया- रंग सांवला, गोल चेहरा, मजबूत शरीर, पैर पर जले हुए का निशान ।
पहनावा- चैकदार कमीज, स्लेटी जींस, लाल परना लिए हुए।
दिनांक 30.06.24 को गोलू पुत्र सुनील निवासी बनियानी, जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चला गया है। जो आज तक घर वापिस नहीं आया है। जिसके घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा
1. प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक- 7082999126
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक- 9416971034

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 222 दिनांक 30.06.2024 धारा 346 IPC थाना सांपला जिला रोहतक ।



गुमशुदा की पहचान
नाम- पप्पू यादव
पिता/पति का नाम - पुत्र अर्जुन यादव
पता - निवासी गमासपुर
उम्र- 33 वर्ष
कद- 5 फुट 7 ईंच
हुलिया- रंग गोरा, लंबूतरा चेहरा, पतला शरीर, शिक्षा 8 वीं पास ।
पहनावा - पता नहीं।
दिनांक 30.06.24 को पप्पू यादव पुत्र अर्जुन यादव निवासी गमासपुर RAC कंपनी सांपला में काम करता था । जो कंपनी से अपने घर गांव गमासपुर जाने के लिए निकला था, जो अब तक गांव नहीं पहुंचा और ना ही वापिस सांपला आया है। जिसके चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित ईनाम भी दिया जाएगा
1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक- 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक- 9466232567

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक**

अभियोग संख्या 283 दिनांक 01.07.2024 धारा 127 (6) BNS थाना पुरानी सब्जी मंडी जिला रोहतक ।



गुमशुदा की पहचान
नाम- सलीम
पिता/पति का नाम - पुत्र नुरईस्लाम उर्फ छोटा
पता - निवासी शीली गुडी पश्चिम बंगाल हाल जगन्नाथ आश्रम हिसार रोड रोहतक
उम्र- 12 वर्ष
कद- पता नहीं।
हुलिया- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, फुर्तीला शरीर।
पहनावा - पीली टी शर्ट, काली निक्कर, पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए।
दिनांक 01.07.24 को सलीम पुत्र नुरईस्लाम उर्फ छोटा निवासी शीली गुडी पश्चिम बंगाल, जो कि रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस को घूमता हुआ मिला था जिसे रेलवे पुलिस ने 15.06.24 को जगन्नाथ आश्रम में छोड़ दिया था, जो जगन्नाथ आश्रम हिसार रोड रोहतक से बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।
1. प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 7082999116
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मंडी रोहतक- 9416102095

पीआरडीएच-1084/11/2497/2025/27466/88/6 दि. 04.07.24

## खबर संक्षेप

### कुलदीप को रिटायर कर्मी कांग्रेस सेल का अध्यक्ष चुना

**चंडीगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कुलदीप बेनीवाल को पंचकूला रिटायर कर्मचारी कांग्रेस सेल का जिला अध्यक्ष चुन लिया गया है। वहीं, 31 सदस्य जिला पंचकूला कमेटी का गठन किया गया। प्रदेश मीडिया कोऑर्डिनेटर डॉक्टर रमेश देहराज को नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नेता प्रति पक्ष चौधरी भूपेंद्र हुड्डा ने सभी स्टेट नेताओं को धन्यवाद दिया और कहा कि यह सराहनीय कदम है

### ऑडिशन नूपुर के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**चंडीगढ़।** कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा द्वारा आयोजित शास्त्रीय नृत्य, कथक तथा भरतनाट्यम पर आधारित 12 दिवसीय कार्यशाला एवं एक दिवसीय कार्यक्रम के लिए ऑडिशन नूपुर हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2024 है। केवल हरियाणा मूल के युवा/उभरते कलाकार, जिनकी आयु 15 से 35 वर्ष हो, भाग ले सकते हैं।

### विस कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आज

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधान सभा सचिवालय की ओर से 5 जुलाई शुक्रवार को पंचकूला सेक्टर एक स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में कर्मचारी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला का उद्घाटन सत्र सुबह 10:30 से 11 बजे तक होगा। इस अवसर पर विधान सभा के अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता और उपाध्यक्ष रणबीर गंगवा उपस्थित रहेंगे। इस दौरान पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के विशेषज्ञों द्वारा विधानसभा कर्मचारियों को विशेषाधिकार, समितियों की कार्यप्रणाली, विधेयक प्रारूपण, सर्वोत्तम प्रथाएं, बजट और राज्य वित्त विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### सैकेंडरी शैक्षिक की परीक्षा में नकल के चार केस दर्ज

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई गई सैकेण्डरी शैक्षिक जुलाई 2024 की अंग्रेजी विषय की परीक्षा में नकल के कुल 04 अनुचित साधन के मामले दर्ज किए गए। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि जिला प्रश्न पत्र उडऩदस्ता पलवल द्वारा अनुचित साधन के 03 एवं रेपिड एक्सन फोर्स द्वारा नूंह में 01 केस दर्ज किया गया।

### जिला कैडर के 30 क्लर्क सूचना केंद्र सहायक बने

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क और भाषा विभाग के महानिदेशक, मंडीप सिंह बराड़ ने जिला कैडर के 30 क्लर्कों को सूचना केंद्र सहायक और लेखाकार के पदों पर तत्काल प्रभाव से पदोन्नत किया है। पदोन्नत अधिकारियों में मीनाक्षी शर्मा, अंबाला, गायत्री शर्मा, पंचकूला, राजवंत कौर कुरुक्षेत्र), नथु सिंह, पानीपत), दीप चन्द, पंचकूला, सतबीर कम्बोज, यमुनानगर, प्रदीप कुमार , जींद), हैप्पी, अंबाला, परमजीत रोहतक, प्रदीप कुमार, रेवाड़ी, कुसुम लता, अम्बाला, राहुल शर्मा, कैथल, बलदीप कौर करनाल आदि के नाम शामिल हैं।

---

छह घंटे की पैरोल पर आया, मां के शव को दी मुखाग्नि

# काला जठेड़ी मां के अंतिम संस्कार में शामिल हुआ, पुलिस रही अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- अंतिम संस्कार के बाद कुख्यात गैंगस्टर को वापस तिहाड़ जेल ले गई दिल्ली पुलिस

कुख्यात गैंगस्टर काला जठेड़ी अपनी मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए दिल्ली की तिहाड़ जेल से गांव जठेड़ी पहुंचा। पहले उसे घर ले गया और बाद में शामशान घाट में पहुंचकर गैंगस्टर ने परिवार का बड़ा बेटा होने का फर्ज निभाते हुए अपनी मां के शव को मुखाग्नि दी। उसके बाद पुलिस उसे लेकर तिहाड़ जेल चली गई। काला जठेड़ी की मां का बुधवार को दवा के धोखे में कीटनाशक पीने से निधन हो गया था। वीरवार सुबह उनके शव का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया।

कुख्यात गैंगस्टर संदीप उर्फ काला जठेड़ी की मां कमला पिछले लंबे समय से बीमार थी। बुधवार को वह प्लॉट पर थी तो दवा के धोखे में कीटनाशक पी लिया था। परिजन उन्हें निजी अस्पताल में लेकर गए तो उनकी मौत हो गई थी। राई थाना पुलिस ने वीरवार सुबह उनके शव का पोस्टमार्टम कराया। उसके बाद परिजन शव को लेकर गांव में पहुंचे। इससे पहले ही कमला का बड़ा बेटा काला जठेड़ी घर पहुंच गया था। उसे मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए अदालत ने सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक की पैरोल दी थी। शमशान घाट में काला जठेड़ी ने ही अंतिम संस्कार की सभी रस्म अदा की। वह करीब एक बजे शमशान घाट आया था। उसके बाद पुलिस उसे दिल्ली लेकर चली गई।



**सोनीपत।** श्मशान घाट पहुंचा काला व मुखाग्नि देते हुए।

#### भारी पुलिस बल किया तैनात

कुख्यात काला जठेड़ी के पैराल पर जेल से बाहर आने व गांव में मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने की जानकारी के बाद सोनीपत पुलिस भी अलर्ट रही। पुलिस ने जगह-जगह नाके लगा रखे थे। गांव में भी कई स्थानों पर पुलिस की टीम तैनात थी। सादे कपड़ों में भी पुलिस बल को तैनात किया गया था।

#### अंतिम संस्कार के लिए मांगी थी पैरोल

संदीप उर्फ काला जठेड़ी के अधिवक्ता रोहित कुमार ने बताया कि उन्हें बुधवार को संदीप की मां का देहांत होने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद पटियाला हाउस स्थित मकोका कोर्ट में उन्होंने पैरोल को अर्जी लगाई थी। संदीप परिवार के बड़े बेटे है, जिसके चलते उन्हें ही अंतिम संस्कार की रस्म पूरी करनी थी। अदालत ने संदीप को छह घंटे की पैरोल मंजूर की थी।

---

# डंडों से पीट कर हत्या करने के चार दोषियों को उम्रकैद

- अदालत ने 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह की अदालत ने डंडों से पीट-पीट कर हत्या करने के जुर्म में चार दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार गांव गुसाईखेड़ा हाल आबाद मायापुरी कालोनी करनाल रोड कैथल निवासी धर्मपाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उसका भाई धर्मबीर उसके पास कैथल में रहता था। वह अपने भाई के साथ गांव गोसाईखेड़ा मंदिर में पूजा करने के लिए गया हुआ था। जहां महाराज संजयनाथ व उसके चेले ने उसके भाई धर्मबीर के साथ मारपीट शुरू कर दी। महाराज के दो चेले तो धर्मबीर को डंडे से पीट रहे थे और दो धर्मबीर को घसीट रहे थे। उन्हें आता देख कर वह मौके से भाग गए।

धर्मबीर को मेडिकल रोहतक में लेकर आए तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर जुलाना थाना पुलिस ने महाराज संजयनाथ व उसके चेलों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था।

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयबीर सिंह की अदालत ने दोषी गांव चंदौसी निवासी रविंद्रनाथ, चुरू निवासी संजयनाथ, मतलोडा निवासी सोमनाथ, पानीपत निवासी बिजेंद्र को उम्र कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है।

---

# पति हत्या की दोषी पत्नी सहित दो किन्नरों को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नूंह

- वर्ष 2020 में पत्नी ने किन्नरों संग मिलकर दिया था वारदात को अंजाम

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नूंह अमित कुमार शर्मा की अदालत ने पति की हत्या के मामले में पत्नी सहित दो किन्नरों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा का फैसला सुनाया है। इसके अलावा अदालत ने दोषियों को 25 हजार रुपए का जुर्माना भरने का भी आदेश दिया है। वर्ष 2020 में पत्नी ने किन्नरों के संग षड्यंत्र रच पुन्हाना शहर में वारदात को अंजाम दिया था। मृतक जगदीश के भाई राजू के बयान पर पुन्हाना शहर चौकी पुलिस ने मृतक की पत्नी सहित करीब एक दर्जन से अधिक आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया था।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश नूंह अमित कुमार शर्मा की अदालत के विशेष अभियोजक जगबीर सिंह ने बताया कि मृतक के भाई राजू निवासी बडोली तहसील जिला पलवल ने 24 दिसंबर 2020 को पुन्हाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि भाई जगदीश पत्नी कांता के साथ पुन्हाना में मजदूरी करने के लिए आया था। भाभी कांता किन्नरों के लिए खाना बनाने का काम करती थी। एक दिन भाई जगदीश से कांता का विवाद हुआ। जिसके बाद कांता ने किन्नरों के संग मिलकर वर्ष 2020 में 23 - 24 की दिसंबर की रात जगदीश की हत्या कर दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए वारदात के दूसरे दिन ही मामले में मुख्य आरोपी मृतक की पत्नी कांता सहित दो किन्नरों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर नियम अनुसार रिमांड अवधि में गहनता से पूछताछ की गई। घटनास्थल की निशानदेही कराकर वारदात में प्रयोग कपड़े की चुन्नी और चाकू बरामद किया। इसके अलावा एफएसएल टीम को भी घटनास्थल से विभिन्न साक्ष्य मिले।पुलिस जांच में इस वारदात को मुख्य रूप से अंजाम देने में मृतक की पत्नी कांता, किन्नर सीमा और काजल निवासी पुन्हाना की मुख्य भूमिका सामने आई। जबकि अन्य आरोपियों को पुलिस की जांच में निर्दोष पाया गया था।

---

# मासिक रैंकिंग में प्रदेश पुलिस पहले स्थान पर, साइबर हेल्पलाइन पर कॉल अटेंड करने में भी मारी बाजी

- अब तक प्रदेश पुलिस ने साइबर अपराध में बचाए तक़रीबन 123 करोड़

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) में जारी की मासिक रैंकिंग में प्रदेश पुलिस ने फिर से सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जून माह 2024 की मासिक रैंकिंग में प्रथम स्थान मिला है। विदित है कि हरियाणा पुलिस इससे पहले तक़रीबन ढाई वर्ष के समय में 20 माह प्रथम स्थान पर रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा विभिन्न निर्धारित मापदंडो में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए प्रदेश पुलिस ने उत्तर प्रदेश व दिल्ली को पछाड़कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर प्रदेश के पुलिस प्रमुख, डीजीपी हरियाणा, श्री शत्रुजीत कपूर, व राज्य अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के निदेशक, एडीजीपी, ओ पी सिंह, आईपीएस ने सभी राजपत्रित अधिकारियों व सीसीटीएनएस शाखा में पदस्थ पुलिस कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने आने वाले महीनों में और बेहतर काम करने के लिए प्रेरित भी किया हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश पुलिस वर्तमान में हाईटेक होने के प्रति अग्रसर है। उन्होंने बताया कि सीसीटीएनएस को विकसित करने का उद्देश्य अपराध की जांच और अपराधियों पर नजर रखने की सुविधा के लिए एक

---

# 10 हजार का इनामी चढ़ा पुलिस के हत्थे

- 17 महीने से फरार था नशीली दवाइयों का मुख्य सप्लायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने 17 महीने से फरार चल रहे आरोपी को काबू किया है। आरोपी पर दस हजार का ईनाम रखा गया था। 21 फरवरी 2023 को थाना शहजादपुर के एरिया से 1728 नशीले कैप्सूल बरामदगी के मामले पुलिस को इस आरोपी की तलाश थी। उप पुलिस अधीक्षक जगबीर सिंह एवं इंचार्ज यूनिट सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि 21 फरवरी 2023 को उप निरीक्षक राजकुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम नारायणगढ़ मोड़ से सूचना के आधार पर दीपक कुमार व मोनू को 1728 नशीले कैप्सूल के साथ काबू किया था।

इस संबंध में थाना शहजादपुर में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया था। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह नशीले कैप्सूल शहजादपुर के रहने वाले अमित कुमार से लेकर आया है। बताया गया है कि वही मुख्य सप्लायर है।

उसके बाद दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर उन्हें जेल भेज दिया गया था। लगभग 17 महीने बाद अब मुख्य नशा सप्लायर अमित कुमार को काबू किा गया। अब जांच टीम आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।



**अंबाला।** पुलिस हत्थे चढ़ा नशीली दवाएं सप्लाई करने वाला आरोपी।

#### पांच हजार का इनामी पैरोल जंपर काबू

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने पांच हजार के इनामी पैरोल जंपर को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए आरोपित की पहचान नीरज उर्फ मोंटू वासी बरसोला के रूप में हुई है। सीआईए स्टाफ प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि आरोपित नीरज को 2013 में लूट के मामले में गिरफ्तार किया था। अदालत द्वारा आरोपित को इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। दोषी नीरज के आचरण को देखते हुए अदालत के आदेश पर 10 सप्ताह की पैरोल पर छोड़ दिया गया था। दोषी नीरज दी गई तारीख पर पेश नहीं हुआ। जिसके बाद दोषी के खिलाफ जेल अधीक्षक हिसार की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। हिसार मंडल पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश के लिए भरसक प्रयास किए गए लेकिन आरोपित का कोई सुराग नही चला। जिस पर नीरज पर पांच हजार रुपये का इनाम रखा गया था। सीआईए स्टाफ टीम में मुख्य सिपाही संदीप कुमार ने आरोपित को कड़ी मेहनत करके आरोपित के ठिकानों पर छापेमार कर उसे खटकड़ बरसोला रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश करके उसे जेल भेज दिया है।

---

# सबसे अधिक बेरोजगारी हरियाणा में क्यों : दीपेंद्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली



सांसद दीपेंद्र हुड्डा का कहना है कि युवाओं की बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। हरियाणा में विधानसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित हरियाणा युवा कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में दीपेन्द्र हुड्डा ने सीधा सवाल किया कि देश में सर्वाधिक बेरोजगारी हरियाणा में क्यों है? बैठक में प्रस्ताव पास हुआ कि हरियाणा युवा कांग्रेस इस सवाल को प्रदेश के प्रत्येक कोने तक लेकर जाएगी और लोगों को खासकर युवा वर्ग को जागरूक करेगी। दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में हरियाणा यूथ कांग्रेस की इस बैठक का आयोजन किया गया था। इस दौरान हरियाणा के आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की गई और पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में प्रमुख रूप से हरियाणा कांग्रेस के एआईसीसी प्रभारी दीपक बाबरिया, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अलावरु, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. श्रीनिवास, हरियाणा यूथ कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा मौजूद रहे। इस मौके पर युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए हरियाणा कांग्रेस के AICC प्रभारी दीपक बाबरीया ने लोकसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी के शानदार प्रदर्शन और सफलता के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि कांग्रेस गठबंधन को सभी 28 प्रदेशों की तुलना में सबसे ज़्यादा मत प्रतिशत 47.6% हरियाणा में मिला।

---

# घर में मानिटर लिजर्ड घुसने पर परिवार में मचा हड़कंप, काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

- सहारा रेस्क्यू टीम ने गोह को वन्य क्षेत्र में छोड़ा

भाटिया नगर स्थित एक घर में बने बाथरूम में गोह अथवा मानिटर लिजर्ड घुसने पर परिवार में हड़कंप मच गया। इसके चलते परिवार के सदस्य डर के मारे घर से बाहर आ गये, वहीं आसपड़ोस में भी इस जानवर को लेकर भय का माहौल बना रहा। गोह मिलने की सूचना सहारा रेस्क्यू टीम को दी गई। टीम सदस्यों ने कड़ी मशक्कत के बाद उसे काबू कर, वन्य क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया। पर्यावरण एवं वन्य जीव प्रमुख नवजोत ढिल्लो ने बताया कि बरसात के मौसम में यह जानवर सूखे स्थान की खोज में जमीन से निकल पड़ते है। इन दिनों बरसात के कारण जमीन में पानी भरने से यह बाहर आ जाते है। उन्होंने कहा कि लोग ऐसी घटनाओं की सूचना सहारा रेस्क्यू टीम को देकर सही निर्णय ले रहे हैं। नवजोत ढिल्लो ने बताया कि बंगाल मॉनिटर या कामन इंडियन मॉनिटर भारत में पाए जाने वाले चार मॉनिटर लिजर्ड की प्रजातियों में से एक हैं, और यह सभी भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची 1 के तहत संरक्षित हैं एवं इनके शरीर के अंगों के आयात या निर्यात पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ है।



**टोहाना।** नवजोत ढिल्लो मानिटर लिजर्ड को काबू करते हुए।

---

# एनएचएम कर्मी सात को सीएम आवास को घेरेंगे

- दो महीने से वेतन न मिलने और अन्य मांगों को लेकर की बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दो महीने से वेतन न मिलने और अन्य मांग पूरी न होने के कारण प्रदेश भर के एनएचएम कर्मचारियों में सरकार के प्रति भारी रोष है। नाराज कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का एलान कर दिया है। इसी के तहत कर्मचारी आगामी सात जुलाई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के करनाल स्थित आवास का घेराव करेंगे। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि मुख्यमंत्री का घेराव करने के बाद भी अगर उनकी मांगों की तरफ सरकार ने ध्यान नहीं दिया तो वह पूरी तरह से कम बंद कर देंगे।

प्रदेश भर में एनएचएम के तहत करीब 16000 कर्मचारी काम कर रहे हैं। इन कर्मचारियों को पिछले दो महीने से तनख्वाह नहीं मिली है। कर्मचारी पिछले काफी समय से अपनी कई अन्य मांगें सरकार के सामने रख रहे हैं लेकिन सरकार उनकी मांगों की तरफ ध्यान नहीं दे रही। कर्मचारियों द्वारा दो महीने का वेतन देने, प्रदेश सरकार की नियमितिकरण पॉलिसी में शामिल करने और सातवें वेतन आयोग का भी लाभ एनएचएम कर्मचारियों को देने की मांग की जा रही है। कर्मचारी एक से छह जुलाई तक गेट मीटिंग के माध्यम से सरकार तक अपना संदेश पहुंचा रहे हैं। साथ ही कर्मचारियों ने घोषणा की है कि वह सात जुलाई को करनाल पहुंचकर मुख्यमंत्री नायब सैनी का घेराव करेंगे। वीरवार को यहां बहदुरगढ़ में बराही रोड स्थित एक गार्डन में एनएचएम कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता की।

---

## नलवा हलके के अस्तित्व में आने पर रणबीर गंगवा दो चुनाव जीते और एक में हारे, अब फिर टिकट के दावेदार


**हॉट सीट**

# नलवा की सरदारी ने हर चुनाव में अलग पार्टी को दिया मौका

शमशेर सैनी ▶▶| हिसार



रणबीर गंगवा



रणधीर पनिहार



प्रो. सम्पत सिंह



अनिल मान



चंद्रप्रकाश



वीरेंद्र चौधरी



उमेश शर्मा

नए परिसीमन के लागू होने के बाद नलवा विधानसभा क्षेत्र अस्तित्व में आया था। अस्तित्व में आने के बाद अब तक नलवा सीट पर तीन बार विधानसभा चुनाव हुए हैं, लेकिन हर चुनाव में अलग-अलग पार्टी ने जीत दर्ज की है। नलवा से कांग्रेस, इनेलो तथा भाजपा एक-एक बार जीत दर्ज कर चुकी है। नलवा से रणबीर सिंह गंगवा लगातार दो बार विधायक निर्वाचित हुए हैं। एक बार 2014 में इनेलो की टिकट से तो दूसरी बार वर्ष 2019 में भाजपा की टिकट से विधानसभा में पहुंचे।

नलवा से पहली बार कांग्रेस की टिकट से प्रो. संपत सिंह 2009 में विधायक निर्वाचित हुए थे। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में नलवा हलके में कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश को 2439 वोटों के अंतर से मिली जीत से पार्टी कार्यकर्ता पूरे जोश में हैं और उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में इस बार नलवा हलके से कांग्रेस को जीताने के लिए ऐड़ी चोटी का जोर लगा दिया है। कांग्रेस को मिली जीत के बाद टिकट पाने वालों की भी पार्टी में लंबी फौज खड़ी हो चुकी है। हर कोई अपनी टिकट पक्की मानकर हलके में प्रचार करने में जुटा है। कांग्रेस की तरफ से पूर्व मंत्री प्रो. सम्पत सिंह, अनिल मान, सेवानिवृत आईएएस चंद्रप्रकाश, सूबेसिंह आर्य, दिलबाग हुड्डा, नरेश मलिक, रणबीर लोहचब समेत कई चेहरे टिकट की दौड़ में शामिल हैं। प्रो. सम्पत सिंह यहां से कांग्रेस से विधायक रह चुके हैं और उनकी हलके में मजबूत पकड़ भी है। वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए कांग्रेस बिना कोई रिस्क लिए किसी मजबूत चेहरे पर ही दांव खेलेगी। भाजपा की तरफ से डिप्टी स्पीकर एवं मौजूदा विधायक रणबीर गंगवा यहां से टिकट के मजबूत दावेदार हैं। इनके अलावा रणधीर पनिहार भी टिकट के लिए जोर लगा रहे हैं। रणधीर पनिहार ने पिछला चुनाव नलवा से ही कांग्रेस की टिकट से रणबीर गंगवा के सामने लड़ा था और 37 हजार से अधिक वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहे थे। ऐसी भी चर्चा चल रही है कि बरवाला विधानसभा में प्रजापति समाज का अच्छा-खासा वोट बैंक है और बरवाला में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए भाजपा रणबीर गंगवा को नलवा की बजाय बरवाला से भी प्रत्याशी बना सकती है। ऐसे में बरवाला से टिकट की दौड़ में शामिल एक जाट चेहरे को नलवा से भाजपा चुनाव लड़ा सकती है। फिलहाल यह भविष्य के गर्भ में है। इन सब के बीच भाजपा का ही एक बड़ा जाट चेहरा पार्टी से टिकट की आस लगाए बैठा है, अगर उसे टिकट नहीं मिलती है तो वह निर्दलीय भी चुनाव में ताल ठोकने की तैयारी में है। जेजेपी से वीरेंद्र चौधरी इस बार भी पार्टी की ओर से टिकट के मजबूत दावेदार रहेंगे। पिछले विधानसभा चुनाव में वीरेंद्र चौधरी तीसरे स्थान पर रहे थे और उन्हें 20 हजार से अधिक वोट मिले थे। जेजेपी के अलावा आम आदमी पार्टी से प्रदेश प्रवक्ता उमेश शर्मा का नाम चर्चा में है और वे नलवा विधानसभा क्षेत्र के गांव-गांव में जाकर महिला पंचायत कर लोगों को पार्टी से जोड़ने में जुटे हैं। इसके अलावा इनेलो से अन्नू सूरा टिकट की प्रमुख दावेदार है।

#### ये बने विधायक

| | |
|---|---|
| 2009 | प्रो. सम्पत सिंह, कांग्रेस। |
| 2014 | रणबीर गंगवा, इनेलो। |
| 2019 | रणबीर गंगवा, भाजपा। |

#### इन क्षेत्रों से मिलकर बना नलवा

वर्ष 2009 में नलवा विधानसभा क्षेत्र अस्तित्व में आया था। पुराने आदमपुर विधानसभा क्षेत्र के 28 गांव बवानीखेड़ा के 19 गांव, घिराय क्षेत्र के गांव कैमरी तथा हिसार नगर निगम के 4 वार्डों को मिलाकर नलवा हलके का गठन किया गया। इस हलके में कुल 61 गांव तथा हिसार शहर की कई कॉलोनियां आती है।

#### नलवा में मिली थी भजन परिवार को पहली हार

नलवा विधानसभा क्षेत्र पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी भजनलाल के अभेद दुर्ग आदमपुर हलके से सटा हुआ है। भजन परिवार की हमेशा से कोशिश रही की कि इस हलके को आदमपुर की तरह मजबूत गढ़ बनाया जाए, लेकिन उनकी यह राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी नहीं हो पाई है। नलवा हलके से भजनलाल परिवार के सदस्यों को हार का मुंह देखना पड़ा। वर्ष 2009 में पूर्व सीएम की धर्मपत्नी जसमा देवी तथा वर्ष 2014 में पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं चौधरी भजनलाल के ज्येष्ठ पुत्र चंद्रमोहन को हार का मुंह देखना पड़ा। वर्ष 2009 में जसमा देवी की हार भजनलाल परिवार के किसी सदस्य की विधानसभा चुनावों में पहली हार थी। वर्ष 2009 के चुनाव में इनेलो से रणबीर गंगवा भी चुनाव लड़ा लेकिन वे तीसरे नंबर पर रहे थे।










# स्वदेश पहुंचने पर भारतीय खिलाड़ियों ने किया डांस, प्रधानमंत्री मोदी के साथ लगाए ठहाके

हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद टी-20 वर्ल्डकप चैंपियन भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, सूर्यकुमार यादव और ऋषभ पंत सहित अधिकांश खिलाड़ियों ने डांसरों के साथ भांगड़ा डांस किया। इस दौरान तैनात सुरक्षाकर्मियों के चेहरों पर भी मुस्कान थी। लंबी यात्रा की थकान के बावजूद खिलाड़ियों ने उन सभी से हाथ मिलाया जो उनसे मिलना चाहते थे। खिलाड़ी ट्रॉफी के आकार का केक काटने के बाद अपने कमरों में चले गए।





## मोदी को मिली नमो जर्सी

पीएम मोदी को भारतीय टीम की ओर से नमो जर्सी भी तोहफे के तौर पर दी गई। बीसीसीआई सचिव जय शाह और बोर्ड अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने यह जर्सी प्रधानमंत्री को भेंट की।

## पीएम की गोद में अंगद बुमराह

भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने पीएम मोदी के साथ मुलाकात की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। दिल को छू लेने वाली तस्वीर में पीएम मोदी ने बुमराह, संजना और उनके बेटे अंगद के साथ पोज देते हुए दिखाई दे रहे हैं।

**विंबलडन : कोको ने एंका को मुकाबले में 6-2, 6-1 से हराया**

# गॉफ, अल्कारेज की आसान जीत ओसाका दूसरे दौर में हारकर बाहर

एजेंसी ▶▶| लंदन

कोको गॉफ ने बुधवार को यहां क्वालीफायर एंका टोडोनी के खिलाफ सीधे सेट में आसान जीत के साथ विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई। पिछले साल ऑल इंग्लैंड क्लब पर पहले दौर में शिकस्त झेलने वाली दूसरी वरीय अमेरिका की गॉफ ने रोमानिया की एंका को दूसरे दौर के मुकाबले में 6-2, 6-1 से हराया। पुरुष एकल में गत चैंपियन कार्लोस अल्कारेज ने एलेक्जेंडर वुकिक को 7-6, 6-2, 6-2 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई जहां उनकी भिड़ंत 29वें वरीय फ्रांसेस टियाफो से होगी। अमेरिका के टियाफो ने बोर्ना कोरिक को दूसरे दौर के मुकाबले में 7-6, 6-1, 6-3 से हराया था। महिला एकल के अन्य नतीजों में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को दूसरे दौर में 19वें नंबर की ऐमा नवारो ने 6-4, 6-1 से हराकर बाहर कर दिया जबकि 11वीं वरीय डेनियल कोलिंस ने अपना पहले दौर का मैच पूरा किया। उन्होंने क्लारा टॉसन को 6-3, 7-6 से हराया।





## बोपन्ना-एब्डेन की शानदार जीत

भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एब्डेन ने यहां रोबिन हास और सैंडर एरेंड्स की जोड़ी पर आसान जीत के साथ विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और एब्डेन ने बारिश से बाधित पहले दौर के मुकाबले में एक घंटे 11 मिनट में नीदरलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वियों को 7-5, 6-4 से हराया। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एब्डेन की जोड़ी दूसरे दौर में हेंड्रिक जेबेंस और कॉन्सटेंटिन फ्रेंटजन की जर्मनी की जोड़ी से भिड़ेगी। बोपन्ना और एब्डेन पिछले साल सत्र के तीसरे ग्रैंड स्लैम विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे।

## संघर्ष कर जीते सिनर

बीट्रिज हदाद मेइया ने भी मैग्डेलेना फ्रेच को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। पुरुष एकल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ने 2021 के उपविजेता और इटली के अपने हमवतन माटेओ बेरेटिनी को कड़े मुकाबले में 7-6, 7-6 , 2-6, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

# राजावत ने गेम्के को रौंदा आयुष और शंकर बाहर

**कैलगेरी।** उभरते हुए भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रियांशु राजावत ने यहां कनाडा ओपन के पुरुष एकल के पहले दौर में अपने से बेहतर रैंकिंग वाले डेनमार्क के रासमुस गेम्के को हराया। दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत ने बुधवार रात आठवें वरीय गेम्के को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में एक घंटे और 10 मिनट में 17-21, 21-16, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। राजावत अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। वह अगले दौर में जापान के ताकुमा ओबायाशी से भिड़ेंगे। पुरुष एकल में हिस्सा ले रहे दो अन्य भारतीयों आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम को हार का सामना करना पड़ा। शेट्टी को जापान के छठे वरीय कोकी वातानाबे के हाथों 14-21, 11-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जबकि शंकर को फ्रांस के एलेक्स लेनियर के खिलाफ 16-21, 17-21 से हार झेलनी पड़ी। महिला एकल में तान्या हेमंत ने कनाडा की जैकी डेंट को 21-13, 20-22, 21-14 से हराया जबकि अनुपमा उपाध्याय ने आयरलैंड की रैशेल डेरेग को 21-11, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

# एशिया, वर्ल्ड कप से पहले भारत खेलेगा टी-20 श्रृंखला

**चेन्नई।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 श्रृंखला का इस्तेमाल एशिया कप और टी20 विश्व कप के लिए अपनी तैयारियों और रणनीति को पुख्ता करने के लिए करेगी। श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले एशिया कप और बांग्लादेश में चार अक्टूबर से होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप से पहले यह भारत की सफेद गेंद से आखिरी द्विपक्षीय श्रृंखला है। इसे देखते हुए हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली भारतीय टीम इन बड़े टूर्नामेंट की तैयारी के लिए अपने प्रयास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। टीम ने बेंगलुरु में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और यहां एकमात्र टेस्ट में भी इसके संकेत दिए हैं। दक्षिण अफ्रीका से टक्कर मिलने के बावजूद भारत ने अब तक सभी मैच जीते हैं। 2023 से अब तक भारत ने सात टी20 श्रृंखला खेली हैं जिनमें से तीन में उसे जीत मिली है और चार में हार का सामना करना पड़ा है।


# भारतीय वायु सेना

**बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना, चण्डीगढ़ में अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग ( टेक्नीकल ट्रेड्स ) से गुजरने के लिए अवसर का लाभ उठाने के लिए भारतीय नागरिक ( पुरुषों एवं महिलाओं ) का आमंत्रित करता है। www.apprenticeship.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदनों हेतु पंजीकरण – 05/07/2024 को खुलेगा और 20/07/2024 को बंद होगा।**

**02/09/2024 को प्रारम्भ होने वाले कोर्सेज वायु सेना अप्रेंटिस ट्रेनिंग लिखित परीक्षा ( एएटीडब्ल्यूटी )–01/2024**

**चेतावनी**

इस कोर्स में चयन "निष्पक्ष और पारदर्शी" और केवल योग्यता के आधार पर होता है। किसी भी स्तर पर किसी को भी रिश्वत देने की आवश्यकता नहीं है। उम्मीदवारों को भर्ती/चयन एजेंटों के रूप में प्रस्तुत जालसाज व्यक्तियों के झांसे में नहीं आना चाहिए।

**तकनीकी क्षेत्र में मोबाइल फोन/इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों की अनुमति नहीं है**

**उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश**

1. उम्मीदवारों द्वारा आवेदन www.apprenticeship.gov.in पर ऑनलाइन भरा जाएगा।
2. परीक्षा केवल एक प्रविष्टि के लिए वैध है।
3. **ऑनलाइन पंजीकरण 05/07/2024 को प्रारम्भ होगा और 20/07/2024 को बंद होगा।** केवल ऑनलाइन पंजीकृत आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।
4. पंजीकरण/चयन के दौरान निम्नलिखित दस्तावेजों की आवश्यकता है :-
   (ए) न्यूनतम 40% अंकों (कुल) सहित सम्बद्ध ट्रेड्स में हाई स्कूल (कक्षा 10) और आईटीआई (एनसीवीटी)। न्यूनतम 50% अंकों सहित बारहवीं कक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।
   (बी) पासपोर्ट आकार का नवीनतम रंगीन फोटो, जिसका आकार 50 केबी से बड़ा न हो, सामने का चित्र हल्के बैकग्राउंड के साथ, सिखों को छोड़कर, बिना हेड गियर के। उम्मीदवारों को फोटो अपने साथ ले जाना होगा। अपनी छाती के सामने एक काली स्लेट पकड़े हुए, जिस पर उसका नाम स्पष्ट रूप से बड़े अक्षरों में सफेद चॉक से लिखा हुआ हो।
   (सी) उम्मीदवार के बाएं हाथ के अंगूठे का निशान।
   (डी) उम्मीदवार की हस्ताक्षर छवि।
5. सफल ऑनलाइन पंजीकरण के लिए उम्मीदवार के पास अपना वैध ई-मेल और मोबाइल नंबर अवश्य होना चाहिए।
6. उम्मीदवारों को अपना आधार कार्ड नंबर अपने पास तैयार रखना चाहिए।
7. उम्मीदवारों को अंतरिम प्रवेश-पत्र के रंगीन प्रिंटआउट के साथ परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। परीक्षा स्थल पर प्रारंभिक सत्यापन के दौरान या चयन प्रक्रिया के किसी भी बाद के चरण में सही जानकारी में विसंगतियां/अनियमितताएं पाए जाने पर उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में बैठने से रोक दिया जाएगा।
8. जब भी उम्मीदवार चयन परीक्षा और मेडिकल के लिए रिपोर्ट करेंगे तो एक वैध आईडी प्रमाण अपने साथ रखेंगे।
9. प्रशिक्षुओं की नियुक्ति के लिए चयन, चयन प्रक्रिया में प्राप्त कुल अंकों को ध्यान में रखते हुए मैरिट के आधार पर किया जाएगा। अपूर्ण आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा। **प्रशिक्षु की नियुक्ति के लिए आरक्षण अप्रेंटिसशिप अधिनियम 1961, अप्रेंटिसशिप नियमों 1992 के नियम 5 के अनुसार स्वीकार्य होगा।** व्यक्तिगत ट्रेड्स के लिए प्रशिक्षण की अवधि वेबसाइट पर निर्दिष्ट की गई है। जो उम्मीदवार पहले ही अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग पूर्ण कर चुके / गुजर चुके हैं, पात्र नहीं हैं।
10. चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कोई टीए/डीए देय नहीं होगा। उम्मीदवारों को चयन के दौरान रहने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
11. एससी/एसटी/ओबीसी के लिए जाति प्रमाण पत्र, जैसा लागू हो।

**अधिसूचना :** विस्तृत अधिसूचना वेबसाइट पर उपलब्ध है। उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्होंने पंजीकरण से पहले अधिसूचना में उपलब्ध विवरण पढ़ और समझ लिया है।

**महत्वपूर्ण तिथियां**

| गतिविधि | दिनांक |
|---|---|
| आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 20.07.2024 |
| लिखित परीक्षा | 18.08.2024 |
| साक्षात्कार | 19.08.2024 |
| चिकित्सा दस्तावेज प्रमाणीकरण | 19.08.2024 |
| मेरिट सूची की घोषणा | 20.08.2024 |
| ज्वाइनिंग निर्देश का प्रेषण | 23.08.2024 |
| कोर्स प्रारम्भ | 02.09.2024 |

**पात्रता मानदंड**

1. **बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना, चंडीगढ़** में अप्रेंटिसशिप (टेक्नीकल ट्रेड) के लिए 02.09.2024 से प्रारम्भ होने वाले कोर्सेज के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इसके लिए चयन प्रक्रिया **बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना, चंडीगढ़** में होगी।
2. **आयु सीमा ( 02.09.2024 के अनुसार ) :**

| उम्मीदवार | आयु सीमा |
|---|---|
| सामान्य | 17-35 वर्ष |
| ओबीसी | 17-35 वर्ष |
| एससी/एसटी | 17-35 वर्ष |

3. **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता**
   (ए) 10वीं उत्तीर्ण और 10+2 उत्तीर्ण होना वांछनीय होगा।
   (बी) न्यूनतम 40% अंकों (कुल) सहित आईटीआई क्वालीफाइड।
4. **ट्रेड्स और कोर्स नम्बर : प्रवेश - एटीपी बैच-05**

| ट्रेड्स | कोर्स नं. | सीटों की सं. |
|---|---|---|
| टर्नर (8211.15) | एम/01/2024 | 11 |
| मशीनिस्ट (8211.10,15,22,28,30, 32,36,38) | | 11 |
| मशीनिस्ट (ग्राइंडर) (7224.10,30,40,45,8211.15) | | 03 |
| शीट मेटल वर्कर (7213.10,30,90,8211.61) | एमडब्ल्यू/01/2024 | 06 |
| वेल्डर (गैस एवं इलेक्ट्रिक) (7212.10,20,40,50,65) | | 08 |
| इलेक्ट्रीशियन एयरक्राफ्ट (7241.60) | ई/01/2024 | 12 |
| इलेक्ट्रिकल मेक (7137.10) | | 15 |
| इलेक्ट्रोप्लेटर (8223.10) | | 04 |
| कारपेंटर (7124.10,20) | बी एंड एफ/01/2024 | 04 |
| मैकेनिक मशीन टूल रखरखाव (8281.55) | एमटी/01/2024 | 02 |
| मैकेनिक रखरखाव (रासायनिक संयंत्र) (8159.79) | | 02 |
| मैकेनिक (इंस्ट्रयूमेंट एयरक्राफ्ट) (7311.10,67) | इंस्ट/01/2024 | 08 |
| मैकेनिक (मोटर वाहन)/डीजल मैकेनिक | | 04 |
| फिटर स्ट्रक्चरल (7214.70) | कॉंस टीडी/01/2024 | 29 |
| प्रयोगशाला सहायक (रासायनिक संयंत्र) (3111.30) | केम टीडी/01/2024 | 02 |
| पेंटर सामान्य (7142.10) | पी/01/2024 | 08 |
| डेस्क टॉप पब्लिशिंग ऑपरेटर (3512.0200) | सी/01/2024 | 04 |
| पावर इलेक्ट्रीशियन (7137.10) | एमएसटी/01/2024 | 12 |
| मैकेनिक मेकेट्रोनिक्स (7233.38) | | 05 |
| लैकरिंग और पावर कोटिंग ऑपरेटर (7422.60.62) | जीडब्ल्यूएम डब्ल्यूटी/01/2024 | 02 |
| टीआईजी/एमआईजी वेल्डर (7212.10,20) | सीई/01/2024 | 03 |
| क्वालिटी एश्योरेंस असिस्टेंट (3152.90) | | 03 |
| रासायनिक प्रयोगशाला सहायक (3111.30) | | 03 |
| सीएनसी प्रोग्रामर सह ऑपरेटर (3121.20) | | 04 |
| रखरखाव मैकेनिक (8159.79) | | 05 |
| मैकेनिक (प्रोसेस प्लांट का विद्युत रखरखाव) | | 02 |
| मैकेनिक मैकेनिकल रखरखाव (इंडस्ट्रीयल ऑटोमेशन) (7223.38) | | 02 |
| मैकेनिक विद्युत रखरखाव (इंडस्ट्रीयल ऑटोमेशन) (7241.70) | | 04 |
| मैकेनिक विद्युत उपकरण (7241.10) | | 02 |
| **कुल** | | 180 |

***ओबीसी/एसटी/एससी** और अन्य श्रेणियों के लिए आरक्षण अपरेंटिस अधिनियम 1961 की धारा 3ए और बी, अपरेंटिसशिप नियमों 1992 के नियम 5 (समय-समय पर संशोधित अनुसार) में निर्धारित अनुसार लागू होगा।

5. **चिकित्सा मानक : ऊंचाई:** न्यूनतम स्वीकार्य ऊंचाई 152 सेमी.। **वजन:** न्यूनतम 48 किलोग्राम। **श्रवण :** उम्मीदवारों की सुनने की क्षमता सामान्य होनी चाहिए अर्थात प्रत्येक कान से अलग-अलग 6 मीटर की दूरी से जोर से फुसफुसाहट सुनने में सक्षम होना चाहिए। **डेंटल :** स्वस्थ मसूड़े, दांतों का अच्छा सेट और कम से कम 14 डेंटल प्वाइंट्स होने चाहिए। **स्वास्थ्य:** वह किसी भी सक्रिय या अव्यक्त, तीव्र या जीर्ण, चिकित्सा या शल्य चिकित्सा विकलांगता या संक्रमण या त्वचा रोग से मुक्त होना चाहिए। उम्मीदवार किसी भी जलवायु में कोर्सेज से गुजरने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से फिट होना चाहिए। चिकित्सा अधिकारी (राजपत्रित) द्वारा जारी एक वैध चिकित्सा प्रमाण-पत्र, जिसमें प्रशिक्षुता अधिनियम 1961 में उल्लिखित चिकित्सा मानकों के अनुसार चिकित्सकीय जांच की गई हो, चयन प्रक्रिया के समय जांच के लिए बेस रिपेयर डिपो, वायु सेना, चंडीगढ़ के पास जमा करवाया जाना है।
6. **स्टाइपेंड :** कोर्स के दौरान, उम्मीदवार को रु. 10,500/- प्रति माह के स्टाइपेंड का भुगतान किया जाएगा।

सीबीसी-10802/11/0012/2425


**पेरिस ओलंपिक**

# भारतीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे नीरज




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मौजूदा चैंपियन नीरज चोपड़ा 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत की 28 सदस्यीय एथलेटिक्स टीम की अगुवाई करेंगे।

टोक्यो ओलंपिक में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले और मौजूदा विश्व चैंपियन चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक की तैयारी के सिलसिले में डायमंड लीग के अंतिम चरण में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। भारतीय एथलेटिक्स टीम में 17 पुरुष और 11 महिला खिलाड़ी शामिल हैं। चोपड़ा के अलावा इनमें एशियाई खेलों के चैंपियन अविनाश साबले, तेजिंदरपाल सिंह तूर और बाधा दौड़ के धावक ज्योति याराजी जैसे अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी शामिल हैं। पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले टीम में मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब और राजेश रमेश शामिल हैं। इस टीम ने हाल में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका की टीम को पीछे छोड़कर सनसनी मचा दी थी। पेरिस ओलंपिक में ट्रैक एवं फील्ड की स्पर्धाएं एक अगस्त से 11 अगस्त तक आयोजित की जाएगी।

## भारतीय एथलेटिक्स टीम

**पुरुष:** अविनाश साबले (3,000 मीटर स्टीपलचेज), नीरज चोपड़ा, किशोर कुमार जेना (भाला फेंक), तजिंदरपाल सिंह तूर (शॉट पुट), प्रवीण चित्रवेल, अबुल्ला अबूबकर (ट्रिपल जंप), अक्षदीप सिंह, विकास सिंह, परमजीत सिंह बिष्ट (20 किमी पैदल चाल), मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, संतोष तमिलारासन, राजेश रमेश (4x400 मीटर रिले), मिजो चाको कुरियन (4x400 मीटर रिले), सूरज पंवार (पैदल चाल मिश्रित मैराथन), सर्वेश अनिल कुशारे (ऊंची कूद)।

**महिला:** किरण पहल (400 मीटर), पारुल चौधरी (3,000 मीटर स्टीपलचेज और 5,000 मीटर), ज्योति याराजी (100 मीटर बाधा दौड़), अन्नू रानी (भाला फेंक), आभा खटुआ (शॉट पुट), ज्योतिका श्री दांडी, सुभा वेंकटेशन, विथ्या रामराज, पूवम्मा एमआर (4x400 मीटर रिले), प्राची (4x400 मीटर), प्रियंका गोस्वामी (20 किमी पैदल चाल)।

# गुकेश ने कारुआना को बराबरी पर रोका, प्रज्ञानानंदा ने अंक बांटे



एजेंसी ▶▶| बुकारेस्ट

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो कारुआना को बराबरी पर रोका। एक बार फिर दिन की सभी बाजियां ड्रॉ रही। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ अंक बांटे।

अंतिम स्थान पर चल रहे रोमानिया के डिएक बोगडेन-डेनियल ने फिरोजा के साथ ड्रॉ खेला जबकि गिरी ने वाचियेर-लाग्रेव के साथ बाजी ड्रॉ की। शीर्ष वरीय कारुआना दो जीत और पांच ड्रॉ से 4.5 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा हैं जो अमेरिकी से आधा अंक पीछे हैं।

नेपोमनियाची 3.5 अंक के साथ फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। अमेरिका के वेस्ली सो, नीदरलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की तिकड़ी उनसे आधा अंक पीछे है। इस 3,50,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले टूर्नामेंट में अब केवल दो दौर बचे हैं।

# डोप जांच में विफल रही धाविका दीपांशी निलंबित

**नई दिल्ली।** नाडा ने हाल में राष्ट्रीय अतंर राज्यीय चैंपियनशिप में रजत पदक जीतने वाली भारत की शीर्ष महिला 400 मीटर धाविका दीपांशी को डोप जांच में विफल होने के कारण निलंबित किया। दीपांशी (21 साल) ने शुक्रवार को पंचकुला में महिलाओं के 400 मीटर फाइनल में किरण पहल (50.92 सेकंड) के बाद 52.01 सेकंड के समय से दूसरा स्थान हासिल किया था। टूर्नामेंट के दौरान लिए गए डोप नमूने में 'एनाबोलिक स्टेरायड' मिला है। ये नमूने 27 जून को (हीट रेस के बाद या सेमीफाइनल में) लिए गए। राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप (27 से 30 जून) में यह पहला डोप पॉजिटिव मामला सामने आया है जो पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी था। दीपांशी राष्ट्रीय शिविर में ट्रेनिंग नहीं करतीं।



## चिंतन

# भारत संग वचनों पर खरा उतरना चीन की जिम्मेदारी

भारत और चीन के बीच लंबे समय से सीमा विवाद है। भारत लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) का सम्मान करता है और चीन इसका सम्मान नहीं करता है। अस्ताना में बैठक के दौरान भारत ने चीन को स्पष्ट कहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सम्मान किया जाना चाहिए। सीमा प्रबंधन के लिए अतीत में दोनों पक्षों के बीच हुए संगत द्विपक्षीय समझौतों और नियमों का पूरी तरह पालन किया जाना चाहिए। विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत के इस दृष्टिकोण को भी दोहराया कि दोनों पक्षों के बीच संबंध आपसी सम्मान, हित और संवेदनशीलता पर आधारित होने चाहिए। भारत का मानना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता दोनों देशों के बीच सामान्य संबंधों के लिए अहम है। अब सब कुछ चीन पर है कि वह एलएसी पर शांति की स्थापना के मार्ग पर कितना चलता है? सीमा पर शांति चीन की भी जिम्मेदारी है। दरअसल, भारत व चीन के बीच सीमा निर्धारण की प्रक्रिया चीनी पक्ष के हिसाब से विवादों में रही है। दोनों मुल्कों के बीच मैकमोहन रेखा से सीमा का निर्धारण है, इस पर दोनों मुल्कों की सहमति भी रही है, लेकिन बाद में चीन इस रेखा को पूर्णतया मानने को लेकर आनाकानी करता रहा है। दोनों देशों के बीच 3488 किमी की सीमा है, जिसमें चीन पूर्वी लद्दाख, अरुणाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों के सीमा पर विवाद करता रहा है। सबसे दिलचस्प है कि चीन भारत संग सीमा विवाद हल करना ही नहीं चाहता है। चीन के विस्तारवाद का यह अहम तरीका रहा है कि पड़ोसी के साथ सीमा पर विवाद खड़ा कर पड़ोसी मुल्क की जमीन हड़प ले। शिनझियांग, मकाऊ, तिब्बत आदि ऐसे क्षेत्र हैं, जिसे चीन ने हड़पा। भारत का अक्साई चिन अभी भी चीन के अवैध कब्जे में है। वर्ष 2020 की गलवान घटना के बाद से भारत व चीन के बीच रिश्ते तल्ख हैं। भारत की कोशिश है कि एलएसी पर शांति बनी रहे, चीन कोई उपद्रव न करे। चीन बार-बार सीमा पर भारतीय क्षेत्र पर अपना दावा पेश करके भारत को उकसाता रहता है। गलवान की घटना के बाद सीमा पर विवाद हल करने के लिए भारत व चीन के बीच कमांडर स्तर की 17 बार वार्ता हो चुकी है, नतीजा कुछ नहीं है। इसलिए कजाख़िस्तान की राजधानी अस्ताना में जब शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री एस जयशंकर भाग लेने पहुंचे तो सम्मेलन से इतर उनकी चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ द्विपक्षीय बात हुई, जिसमें सीमा को लेकर जारी गतिरोध को दूर करने पर सहमति बनी। इस बैठक में भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के शेष मुद्दों के जल्द निपटारे के लिए दोगुने प्रयास करने तथा संबंधों में 'स्थायित्व लाने एवं पुनः गति प्रदान' करने का प्रण लिया। इसको सकारात्मक रूप में लिया जाना चाहिए, हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है, जब चीन ने संबंधों को बेहतर बनाने का प्रण लिया हो। पूर्व में पीएम नरेन्द्र मोदी व राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई वार्ताओं में, चीनी विदेश मंत्री की भारत यात्राओं के दौरान, ग्लोबल मंचों पर आपसी बातचीतों में, अनेक बार चीन सीमा पर जारी गतिरोध को हल करने का भरोसा दे चुका है, इसके बावजूद चीन ने डोकलाम, गलवान, अरुणाचल सीमा पर झड़प जैसी घटनाओं को अंजाम दिया। भारत के साथ हुए पंचशील समझौते को तोड़ने वाले चीन ने कभी भी अपनी हरकतों से भारत के मन में भरोसा पैदा नहीं किया है। अब भारत संग दिए वचनों पर खरा उतरना अब चीन की जिम्मेदारी है।

# अर्थव्यवस्था को मजबूती देते प्रवासी



रिपोर्ट

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय प्रवासियों के द्वारा वर्ष 2023-24 में प्रवासियों के द्वारा अपने घर भेजा गया धन दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा है। पिछले वर्ष में यह रेमिटेंस 107 अरब डॉलर यानी 8.95 लाख करोड़ रुपये की ऊंचाई पर है। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में दुनिया के कोने-कोने के देशों में प्रवासी भारतीय, राजनीतिक और तकनीकी क्षेत्रों में अपना प्रभावी योगदान देते हुए वैश्विक मंच पर भी भारत के हितों की जोरदार हिमायत के साथ भारत के सहयोगी और सहभागी की प्रभावी भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे।

हाल ही में 27 जून को यूनाइटेड नेशंस माइग्रेशन एजेंसी के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय प्रवासियों के द्वारा वर्ष 2023-24 में भेजा गया रेमिटेंस (प्रवासियों के द्वारा अपने घर भेजा गया धन) दुनिया के किसी भी देश के मुकाबले सबसे ज्यादा है। पिछले वर्ष में यह रेमिटेंस 107 अरब डॉलर यानी 8.95 लाख करोड़ रुपये की ऊंचाई पर है। खास बात यह है कि पिछले वर्ष में भारतीयों द्वारा भेजी गई यह रकम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश से लगभग दो गुना है। यह लगातार दूसरा साल है, जब भारतीयों ने 100 अरब डॉलर से ज्यादा की धनराशि भारत भेजी है। 2022-23 में भारतीय प्रवासियों ने 111 अरब डॉलर का रेमिटेंस भारत भेजा था। ज्ञातव्य है कि भारत के बाद मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस सबसे ज्यादा रेमिटेंस प्राप्त करने वाले देश हैं।

यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि पिछले एक दशक में भारत में लगातार अन्य देशों के मुकाबले रेमिटेंस सबसे अधिक रहा है। भारत में वर्ष 2010 में रेमिटेंस के तौर पर 53.48 अरब डॉलर आए थे। वहीं ये वर्ष 2015 में बढ़कर 68.19 अरब डॉलर और वर्ष 2020 में 83.15 अरब डॉलर हो गए हैं। प्रवासी भारतीयों की ओर से भारत भेजा गया धन वर्ष 2021-22 में 83.57 अरब डॉलर था। प्रवासियों का यह धन जहां प्रवासियों के परिजनों को मुस्कुराहट दे रहा है, वहीं अर्थव्यवस्था के लिए भी लाभप्रद है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि जब कोविड-19 के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था 7.3 फीसदी की ऋणात्मक विकास दर की स्थिति में पहुंच गई थी और बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार बंद होने के कारण देश में आर्थिक-सामाजिक परेशानियां बढ़ गई थी, उस समय आर्थिक मुश्किलों के बीच भारतीय प्रवासियों के द्वारा भेजी गई बड़ी धनराशि से अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला था। गौरतलब है कि दुनिया में प्रवासी भारतीयों की संख्या करीब 1 करोड़ 80 लाख है। दुनियाभर में सबसे ज्यादा प्रवासी भारत के हैं। सबसे ज्यादा भारतीय प्रवासी संयुक्त अरब अमीरात, संयुक्त राज्य अमेरिका और सऊदी अरब में रहते हैं। पहले जहां भारत से अकुशल श्रमिक कम आय वाले खाड़ी देशों में जाते थे, वहीं अब विदेश जाने वाले भारतीयों में हाई स्किल्ड लोगों की संख्या ज्यादा है जो अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर, आस्ट्रेलिया और न्यूंजीलैंड जैसे उच्च आय वाले देशों में जा रहे हैं। ऐसे में वे अधिक कमाई करके अधिक धन भारत भेज रहे हैं। निःसंदेह प्रवासी भारतीय भारत की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी शक्ति बढ़ाने में भी अहम सहयोग कर रहे हैं। दुनिया के कोने-कोने में भारतवंशी और प्रवासी भारतीयों की राजनीतिक, आर्थिक और कारोबारी क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती ऊंचाइयां भारत के तेज विकास के मद्देनजर महत्वपूर्ण हो गई है। सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, आयरलैंड के प्रधानमंत्री लियो वराडकर, पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनिया कोस्टा, अमेरिका की पहली महिला और पहली अश्वेत उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, गुयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ



और राष्ट्रपति पृथ्वीराजसिंह रूपुन, सूरीनाम के राष्ट्रपति, चंद्रिका प्रसाद संतोखी के साथ-साथ दुनिया के अनेक देशों में कई और भारतवंशी राजनेता अपने देशों को आगे बढ़ाते हुए विश्व के समक्ष भारत के चमकते हुए चेहरे है।


इतना ही नहीं के विभिन्न देशों में राजनीति की ऊंचाइयों पर पहुंचने के साथ-साथ भारतवंशी व प्रवासी भारतीय वैश्विक आर्थिक व वित्तीय संस्थानों आईटी, कम्प्यूटर, मैनेजमेंट, बैंकिंग, वित्त आदि के क्षेत्र में भी बहुत आगे हैं। माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला, गूगल के सुंदर पिचाई, नोवार्टिस के वसंत नरसिम्हन, एडोब के शांतनु नारायण, आईबीएम के अरविंद कृष्णा, स्टारबक्स के लक्ष्मण नरसिम्हन, वर्टेक्स फार्मास्यूटिकल्स के रेशमा केवलरमानी,माइक्रोन टेक्नोलॉजी के संजय मेहरोत्रा, कैडेंस डिजाइन सिस्टम के अनिरुद्ध देवगन, पालो अल्टो नेटवर्क के निकेश अरोड़ा, वीएमवेयर के रंगराजन रघुराम, इमर्सन इलेक्ट्रिक कंपनी के सुरेंद्रलाल करसनभाई, माइक्रोचिप प्रौद्योगिकी के गणेश मूर्ति आदि अपनी प्रतिभा, कौशल से कारोबार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दुनिया की अगुवाई कर रहे हैं और भारत के विकास के सहभागी भी बन रहे हैं। इस समय 18वीं लोकसभा चुनाव के बाद भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल की एनडीए गठबंधन सरकार बनने के बाद प्रवासियों का कहना है कि एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी नई सरकार से प्रवासियों को भारत के विकास में सहयोग और सहभागिता करने के मद्देनजर नई ऊर्जा प्राप्त होगी। अमेरिका में कार्यरत भारतीय अमेरिकी डेमोक्रेटिक फंडराइजर तथा भारत हितैषी प्रवासियों के विभिन्न संगठनों का कहना है कि पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री मोदी ने दुनिया के आर्थिक और राजनीतिक मंचों पर जिस तरह भारत की सफलताओं का परचम फहराया है, उससे प्रवासियों के द्वारा गर्व अनुभव किया जा रहा है। उनका मानना है कि पिछले 10 वर्षों में भारत की सुरक्षा में सुधार हुआ है। सरकार ने आतंकवादी खतरों या आतंकवादी घटनाओं को नियंत्रित कर दिया है। सरकार की नीतियां भारत को आगे बढ़ा रही हैं। पिछले वर्ष 2023 में भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी-20 को अभूतपूर्व सफलता दिलाने में प्रवासी भारतीयों की भी अहम भूमिका रही है। प्रवासियों का यह भी कहना है कि नई गठबंधन सरकार से दुनिया के कोने-कोने से भारतीय प्रवासियों को और अधिक सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञातव्य है कि जहां वर्ष 2023 में इजराइल और हमास आतंकियों के बीच चल रहे संघर्ष के बीच इजराइल में फंसे भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षित वतन वापसी के लिए भारत ने 'ऑपरेशन अजय' चलाया है। साथ ही वर्ष 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूक्रेन में भारतीय समुदाय सीधे खतरे में आ गया था। तब ऑपरेशन गंगा के तहत बड़ी संख्या में भारतीयों को सुरक्षित भारत वापस लाया गया था। इस वर्ष जून 2024 में कुवैत में अग्निकांड में 45 प्रवासी भारतीयों की मौत के बाद कुवैत में प्रवासी भारतीयों की सहायता के मद्देनजर नई गठबंधन सरकार ने अहम भूमिका निभाई है। भारत सरकार की और अधिक सक्रियता जरूरी है।

हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में एनडीए गठबंधन की नई सरकार के द्वारा प्रवासियों के साथ सहभागिता के नए अध्याय लिखे जा सकेंगे। हम उम्मीद करें कि दुनिया के कोने-कोने के देशों में प्रवासी भारतीय, राजनीतिक और तकनीकी क्षेत्रों में अपना प्रभावी योगदान देते हुए वैश्विक मंच पर भी भारत के हितों की जोरदार हिमायत के साथ भारत के सहयोगी और सहभागी की प्रभावी भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे। हम उम्मीद करें कि प्रवासी भारतीय अपने ज्ञान व कौशल की शक्ति से भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने, वर्ष 2027 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाने में और अधिक सक्रिय सहयोग देते हुए दिखाई देंगे।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में गढ़वाल हिमालय पर्वतमाला पर स्थित केदारनाथ मंदिर भारत के सबसे प्रतिष्ठित और चमत्कारी हिंदू मंदिरों में से एक है। भगवान शिव को समर्पित यह मंदिर 3,583 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है जहाँ तक पहुचने के लिए श्रद्धालुओं को पैदल या घोड़े से यात्रा करके पहुचना होता है।

## कर्तव्य और अधिकार सिक्के के दो पहलू




संकलित

दर्शन

सामान्य तौर पर हम अधिकार एवं कर्तव्य की बात करते हैं, जबकि वास्तव में होना चाहिए कर्तव्य और अधिकार। व्यक्ति को पहले अपना कर्तव्य करना चाहिए। फिर अपने अधिकारों की बात करनी चाहिए। जब हम अधिकारों की बात करते हैं तो यह भूल जाते हैं कि हमारे कुछ कर्तव्य भी हैं। यह विडंबना है कि संविधान में भी कर्तव्यों को बाद में जोड़ा गया। जब कर्तव्य और अधिकार एक सिक्के के दो पहलू हैं, तो हम हमेशा अधिकार पर ही क्यों रुक जाते हैं? कर्तव्य हमें अपनी नैतिक जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं तो अधिकार हमारे जागरूक होने का प्रमाण प्रस्तुत करते हैं। यदि हम जागरूक हैं तो फिर जिम्मेदार क्यों नहीं? अगर परिवार, समाज और देश में समृद्धि और शांति लाना चाहते हैं तो हर नागरिक को पहले अपने कर्तव्य पर ध्यान देना होगा। केवल अधिकारों की बात कर उसकी आड़ में हम अपने कर्तव्यों को अनदेखा न करें। हम ईमानदारी से कर्तव्य करते रहेंगे तो अधिकार स्वतः ही प्राप्त हो जाएंगे, क्योंकि वह कर्तव्यों में ही निहित है। कर्ण की कर्तव्य के प्रति निष्ठा सर्वविदित है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन ही नहीं, बल्कि मनुष्य मात्र को यह उपदेश दिया है कि 'कर्म करो और फल की इच्छा मत करो।' जब इच्छित फल की हमें प्राप्ति नहीं होती है तो हमें दुख होता है। अतः सुखी रहना है तो सिर्फ कर्म करें और वह भी निष्काम भाव से। कर्तव्यों में कर्म है और कर्म करना ही मनुष्य की पहचान है। यही कर्म पुण्य के माध्यम से हमें स्वर्ग के द्वार तक पहुंचाते हैं।

## धन और पद का घमंड न करें



संकलित

प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष कुबेर देव के पास बहुत धन-संपत्ति थी। कुबेर को अपनी धन-दौलत पर घमंड हो गया। एक दिन कुबेर घमंड के साथ ही शिवजी के पास पहुंच गए और शिवजी से कहा कि मैं आपको अपने महल में खाने के लिए आमंत्रण देने आया हूं। शिवजी ने सोचा कि कुबेर देव का घमंड दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं तो नहीं आ सकता, लेकिन आप गणेश को ले जाइए और ध्यान रखना गणेश खाने में जल्दी तृप्त नहीं होते हैं। कुबेर देव को अहंकार तो था ही, उन्होंने कह दिया कि मैं तो सभी को भोजन करा सकता हूं तो गणेशजी को भी तृप्त कर सकता हूं। शिवजी गणेशजी को कुबेर देव के यहां भोजन करने भेज दिया। गणेशजी कुबेर देव के महल पहुंच गए। कुबेर देव ने गणेशजी के लिए बहुत सारा खाना बनवाया और खाना परोसना शुरू कर दिया। गणेश लगातार खाते ही जा रहे थे, लेकिन उनका पेट नहीं भर रहा था। गणेशजी तृप्त नहीं हुए, लेकिन कुबेर देव के यहां का अन्न का भंडार खाली हो गया। गणेश को और भूख लग रही थी। कुबेर देव निराश होकर तुरंत ही शिवजी के पास पहुंचे और पूरी बात बता दी। कुछ ही देर में गणेश भी शिवजी के पास पहुंच गए। शिवजी ने देवी पार्वती से गणेशजी के खाने के लिए कुछ लाने को कहा। पार्वतीजी तुरंत ही खाना ले आईं। देवी पार्वती के हाथ का बना खाना खाकर गणेशजी शांत हो गए। ये देखकर कुबेर देव को अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने शिवजी से क्षमा मांगी और घमंड न करने का संकल्प लिया।

हाथरस हादसा

डॉ. मोनिका शर्मा



# अंध श्रद्धा से बचें महिलाएं

हाथरस भगदड़ में महिलाओं और बच्चों समेत 122 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। इस पीड़ादायी हादसे में कई परिवार उजाड़ गए। भारी भीड़, भीषण गर्मी, अव्यवस्था और पंडाल से बाहर आने के लिए संकरा सा रास्ता। उसी मार्ग पर एक गहरा गड्ढा भी था। इस गड्ढे में कुछ लोग गिरे तो भगदड़ मच गई। जन सैलाब की धक्का मुक्की और दलदली मिट्टी में महिला, पुरुष और बच्चे गिरते रहे। लोग एक-दूसरे को रौंदकर निकलते रहे। दरअसल, यह घटना अव्यवस्था ही नहीं अंधश्रद्धा के भाव पर भी कई प्रश्न उठाती है। आस्था और धर्म के नाम पर उमड़ने वाली इस भीड़ में स्त्रियां बड़ी संख्या में शामिल होती हैं। आयोजनों का हिस्सा बनाने वाली महिलाओं के साथ बच्चे भी आते हैं। देखने में यह भी आ रहा है कि अब आयु वर्ग से परे स्त्रियां इन सत्संग कार्यक्रमों में देखी जाती हैं। घटना से जुड़ी तस्वीरों और वीडियो में किशोरियां, युवतियां और कम उम्र की महिलाएं अपने बच्चों-बड़ों को खोने एक बाद बिलखती दिख रही हैं। उम्र का यह पड़ाव और सत्संग के नाम पर तार्किक सोच का गुम होना समग्र समाज के लिए चिंतनीय है, क्योंकि मायावी बाबाओं की अंधभक्ति के फेर में केवल ग्रामीण और अशिक्षित महिलाएं ही नहीं फंसी हैं। हाल के बरसों में तो महानगरों में भी ऐसे बाबाओं को समर्थित विशाल आयोजन किए जाने लगे हैं। कई मामलों में आस्था के नाम भीड़ जुटाने वाले इन कार्यक्रमों और बाबाओं के चमत्कारों की हकीकत उजागर होने बावजूद महिलाओं की भीड़ जुट ही जाती है। सच तो यह है कि अंध भक्ति के फेर में फंसी महिलाएं अनगिनत समस्याओं से जूझ रही होती हैं। स्त्रियों के अनिश्चितता लिए जीवन को चमत्कारिक रूप से बेहतर बना देने वाली बातें ही उन्हें इन आयोजनों की ओर खींचती हैं। अधिकतर आयोजनों में भावनात्मक मोर्चे पर उनकी आस्था का दोहन ही होता है। ऐसे भी वाकये हुए हैं जब महिलाएं बाबाओं के झांसे में आकर शोषण का शिकार बन चुकी हैं। समय-समय पर बाबाओं के ज्ञान से जुड़ी भ्रांतियां तोड़ने वाली कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बावजूद इसके गांवों से महानगरों तक स्त्रियां इस जाल से बाहर आना ही नहीं चाहतीं। उलटे इन बाबाओं को पूजनीय बनाने वाले लोगों में अधिकतर महिलाएं ही होती हैं। अध्यात्म के नाम पर संचालित बाबाओं की गतिविधियों का व्यावसायिक विस्तार भी चिंता का विषय बन गया है। प्रायोजित टीवी कार्यक्रमों से लेकर सोशल मीडिया मंचों तक उपस्थिति रखने वाले बाबाओं के आडम्बरों की चकाचौंध को समझना और उस पर सवाल उठाना लाजिमी हो चला है। अंध समर्थन की यह सोच सामाजिक-पारिवारिक स्तर पर भी विचारणीय है। परिजनों को भी समझना होगा कि क्यों महिलाएं इस भटकाव का शिकार हो रही हैं? उनके अपनों को सहजता, आपसी समझ और संवेदनाओं से भरा परिवेश बनाना होगा। साथ ही यह भी जरूरी है कि नियतिवादी बनने के बजाय स्त्रियां तार्किक सोच रखते हुए धर्मान्धता के इस जाल से बचें। धर्म-कर्म से जुड़ी श्रद्धा और विश्वास के सही मायने समझें। सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर हर बात में तर्क करने वाली महिलाएं अंधभक्ति के फेर में पड़ने के बजाय अपनी आस्था के बल मन की शक्ति जुटाएं। याद रहे कि मान-सम्मान बचाने एवं जीवन को सुरक्षित रखने वाला ईश्वरीय आस्था और मनोबल का मार्ग कोई बाबा नहीं स्वयं आपका अन्तर्मन ही सुझा सकता है।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सबक क्यों नहीं लेते हम?

हाथरस में भगदड़ से सैकड़ों लोगों की मौत और कुछ लोगों के घायल होने की खबर है। यह बहुत दुखद घटना है। सत्संग में मची भगदड़ कोई नई दुखद घटना नहीं, बल्कि इससे पहले भी दूसरे कई धार्मिक स्थलों पर ऐसी दुखद घटनाएं हो चुकी हैं। भगदड़ के लिए प्रशासन और लोग दोनों की ही गलती होती है। ऐसी घटनाओं से न तो प्रशासन और न ही आमजन कोई सबक लेता है। सरकारें और प्रशासन ऐसे हादसों के वक्त ही कुंभकर्णी नींद से जागते हैं और हादसे की जांच के आदेश देकर और पीड़ित लोगों को मुआवजे का आश्वासन देकर अगली किसी ऐसी ही घटना के इंतजार में लंबी तान कर सो जाते हैं। प्रदेश में कुछ ही दिनों बाद शक्तिपीठों आदि में मेलों का आयोजन होगा। इनके लिए प्रशासन को पुख्ता प्रबंध कर लेने चाहिए।

*- दीपक मिश्रा, धमतरी*

## ट्रेंड

### विपक्ष का रवैया चिंताजनक



संदेशखाली जैसी शर्मनाक घटना पर कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेताओं को कोई पीड़ा नहीं है। महिलाओं के खिलाफ अत्याचार को लेकर विपक्षी पार्टियों का यह सिलेक्टिव रवैया बहुत चिंताजनक है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री


### गाजा अस्पताल पूरा खाली



यूरोपीय गाजा अस्पताल पूरी तरह से खाली हो गया है। अस्पताल के पास खान यूनिस में निकासी आदेशों के बाद, सभी 320 मरीजों और सभी चिकित्सा कर्मियों को हटा दिया है। अस्पताल से चिकित्सा उपकरणों से भरे तीन ट्रकों को भी ले जाया गया है।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### विवेकानन्द गौरवशाली साधु



स्वामी विवेकानन्द एक गौरवशाली हिंदू साधु थे, जिन्होंने औपनिवेशिक हिंसा और आक्रामक मिशनरी रूपांतरण में फंसी दुनिया में योग लाया, जिसका मुख्य लक्ष्य भारत था। आज उनकी प्रेरणा की जरूरत है क्योंकि वही अज्ञानी ताकतें नहीं चाहतीं कि भारत का उत्थान हो।

-डॉ डेविड फ्रॉली, अमेरिकी हिंदू लेखक

### जनता ने संविधान को बचाया



भारत की जनता ने संविधान और लोकतंत्र को बचा लिया है। देश की वंचित आबादी अपने अधिकारों की रक्षा के लिए 'इंडिया' के साथ खड़ी हो गयी। गठबंधन के सभी साथियों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई।

-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष

## करंट अफेयर

# यूक्रेन में प्रतिरोध व उम्मीद का प्रतीक बन गए फूल



रूस के आक्रमण के कारण दो साल से अपनी पत्नी और बेटी से मिलने के लिए तरस रहे ओलेक्जेंडर ट्रायफोनोव जब उनसे मिलने कीव रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे तो उन्होंने उनके लिए दो लाल गुलाब खरीदे। उनकी पत्नी और बेटी दो साल बाद पोलैंड से यूक्रेन लौट रही थीं। 45 वर्षीय चालक ट्रायफोनोव ने कहा, 'मैंने दो साल से उन्हें नहीं देखा है। फूल महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण होते हैं।' फूलों को हमेशा यूक्रेन की संस्कृति से जोड़ा जाता है और रूस के 2022 में आक्रमण करने के बाद से उनका महत्व और ज्यादा बढ़ गया है। उन्हें प्रतिरोध और उम्मीद दोनों का प्रतीक माना जाता है। युद्ध के कारण आ रही कठिनाइयों के बावजूद यूक्रेनी नागरिक राजधानी कीव तथा अन्य शहरों में अपने घर की बालकनी तथा अन्य स्थानों को फूलों से सजाने का कोई मौका नहीं चूकते। यहां तक कि यूक्रेन की जेलों में भी फूल दिखायी देते हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के हमले में घायल हुई एक किशोरी से 2022 में जब अस्पताल में मिलने गए थे तो उसके लिए फूलों का एक गुलदस्ता लेकर गए थे। रूसी की राजधानी कीव के बाहरी इलाकों में निवासी अब भी अपने क्षतिग्रस्त या पूरी तरह से ध्वस्त कर दिए गए मकानों के बगीचों की देखभाल करते हैं।

## ऑफ बीट

# द. अफ्रीका में 34 हजार साल पुराने दीमक के टीले मिले



दक्षिण अफ्रीका में वैज्ञानिकों को यह जानकर हैरानी हुई कि देश के शुष्क क्षेत्र में मौजूद दीमक के टीले 30,000 से अधिक वर्ष पुराने हैं जिसका मतलब है कि वे दीमक के अब तक के ज्ञात सबसे पुराने सक्रिय टीले हैं। स्टेलेनबॉश विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने बताया कि रेडियोकार्बन डेटिंग में नामाक्वालैंड में बफेल्स नदी के पास के कुछ टीले 34,000 वर्ष पुराने होने का अनुमान लगाया गया था। विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग में वरिष्ठ व्याख्याता मिशेल फ्रांसिस ने कहा, 'हम जानते थे कि ये पुराने हैं लेकिन यह पता नहीं था कि इतने पुराने हैं।' उनका शोधपत्र मई में प्रकाशित हुआ। फ्रांसिस ने कहा कि ये टीले तब भी मौजूद थे जब नुकीले दांतों वाली बिल्लियां और वूली मैमथ पृथ्वी के अन्य हिस्सों में घूमते थे और यूरोप और एशिया का बड़ा हिस्सा बर्फ से ढका हुआ था। लाखों वर्ष पुराने कुछ जीवाश्म दीमकों के टीले खोजे गए हैं। इस अध्ययन से पहले सबसे पुराने बसे हुए टीले ब्राजील में पाए गए थे और लगभग 4,000 वर्ष पुराने हैं। वे अंतरिक्ष से दिखाई देते हैं। फ्रांसिस ने दीमक टीलों का जलवायु परिवर्तन, पारिस्थितिकी तंत्र बनाए रखने और संभवतः कृषि पद्धतियों में सुधार लाने पर असर को देखते हुए उन पर और अध्ययन करने का आह्वान किया है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## अब भी आश्रम पहुंच रहे श्रद्धालु, टेक रहे मत्था

# 121 लोगों की जान जाने के बाद भी नहीं लिया सबक

**हाथरस (एजेंसी)।** यूपी के हाथरस के सिकंदराराऊ में सत्संग में भगदड़ के बाद 121 लोगों की मौत हो गई। इसके बाद एक तरफ लोगों में बाबा साकार हरि के प्रति आक्रोश है। वहीं दूसरी तरफ बाबा के भक्त उनका पक्ष ले रहे हैं। वह लगातार बाबा के आश्रम में पहुंच रहे हैं। बाबा इस समय मैनपुरी जिले के बिछवां स्थित आश्रम में बताए जा रहे हैं। गुरुवार को भक्त उनके आश्रम के सामन पहुंच गए। यहां हंगामा करने लगे। पुलिस उन्हें समझाने की कोशिश कर रही है। इस पर भी मानने को तैयार नहीं थे। वहीं गुरुवार दोपहर बाद भी अनुयायी आश्रम पर पहुंचते रहे। हालांकि उन्हें आश्रम में प्रवेश नहीं दिया गया। लेकिन वह आश्रम के गेट पर माथा टेकते रहे। कुछ देर वहां रुके, फिर वहां से चले गए।







*ये विनोद हैं। हाथरस में सत्संग में मची भगदड़ में इन्होंने अपनी 70 वर्षीय माता, 40 वर्षीय पत्नी और 10 साल की बेटी को खो दिया।*

### कौन है मुख्य आरोपी मधुकर

मुख्य सेवादार और आयोजक देवप्रकाश मधुकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। वह मूल रूप से एटा का रहने वाला है। यहां मनरेगा में संविदा पर तकनीकी सहायक के पद पर कार्यरत है। हादसे के बाद घर पर ताला लटका हुआ है। वह फरार है। बृहस्पतिवार को मनरेगा में उसको सभी दायित्वों से हटा दिया गया। संविदा समाप्ति के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### बड़ा सवाल : कहां है बाबा साकार हरि

हादसे के 48 घंटे बाद भी पुलिस नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा तक नहीं पहुंच सकी। पुलिस ने मैनपुरी, ग्वालियर, कानपुर और हाथरस समेत 8 ठिकानों पर छापा मारा है। इधर, पुलिस ने एटा, हाथरस और मैनपुरी से 30 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। सभी भोले बाबा से जुड़े हैं। उनसे पूछताछ की जा रही है। योगी सरकार ने हादसे की जांच के लिए न्यायिक आयोग बनाया है।

## 48 घंटे बाद भी बाबा पकड़ से दूर, आईजी बोले- अभी मामले की जांच चल रही

### मुकदमे में भोले बाबा का नाम नहीं : आईजी

आईजी शलभ माथुर ने कहा- अभी पूरे मामले की विवेचना चल रही है। मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर की तलाश की जा रही है। उस पर 1 लाख का इनाम घोषित कर दिया है। उसकी तलाश में कई टीमें लगाई गई है। भोले बाबा का नाम अभी मुकदमे में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस और प्रशासन ने पूरे मामले में लापरवाही बरती या नहीं, इसकी जांच के लिए शासन स्तर से न्यायिक आयोग का गठन किया गया है।

### पैर छुआने में विश्वास नहीं रखते बाबा : वकील

वकील एपी सिंह ने कहा कि भोले बाबा पैर छुआने में विश्वास नहीं रखते हैं। ऐसा कोई फोटो या वीडियो आज तक सामने नहीं आया। इसलिए यह बात बेबुनियाद है कि उनकी चरणों की धूल लेने के चलते यह घटना हुई है। बाबा के पास अपने कोई प्राइवेट गार्ड या फिर प्राइवेट आर्मी जैसी चीज नहीं है। सेवादारों में से किसी ने भी आमजनों के साथ धक्का- मुक्की नहीं की। ऐसा करने वाले अराजक तत्व हैं।

### पुलिस ने 30 लोगों को हिरासत में लिया

हाथरस हादसे में पुलिस ने एटा, हाथरस और मैनपुरी से 30 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। यह सभी भोले बाबा से जुड़े हुए हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस की टीम सेवादारों की तलाश में हाथरस, एटा, कासगंज, मैनपुरी, इटावा फर्रूखाबाद, मथुरा, आगरा, मेरठ में छानबीन कर रही है। घटनास्थल से सटे गांवों में भी पुलिस सेवादारों की तलाश कर रही है। पुलिस ने 100 से अधिक लोगों का कॉल डेटा रिकॉर्ड भी खंगाला है।

### पुलिस का दावा, मैनपुरी आश्रम में नहीं बाबा

पुलिस ने बाबा के मैनपुरी स्थित आश्रम में उसके मौजूद नहीं होने का दावा किया है। सूत्रों के मुताबिक, मैनपुरी के बिछवां कस्बे में स्थित भोले बाबा के आश्रम में बुधवार रात पुलिस दाखिल हुई थी। मगर इस बारे में कोई भी पुलिस अफसर कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है। पुलिस और स्पेशल आपरेशन ग्रुप के लोग आश्रम परिसर में गये थे लेकिन उनकी ड्यूटी आश्रम के अंदर नहीं बल्कि 'बाहर' थी।

### अखिलेश बोले- हादसे की पूरी जिम्मेदारी सरकार की

हाथरस हादसे पर अखिलेश यादव ने कहा-बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है। यह दुख की बात है। प्रदेश में इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर होते रहते हैं। पूरी जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की है। जब कभी की इस तरह के आयोजन होते हैं तो भीड़ होती है। कभी-कभी आयोजकों को नहीं पता होता कि कितने लोग आएंगे। किसी भी आरोप लगाने से कोई लाभ नहीं मिलेगा।

### राहुल गांधी की हाथरस दौरे की योजना : वेणुगोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले का दौरा करने की योजना है। कांग्रेस के संगठन महासचिव वेणुगोपाल ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताते हुए कहा कि राहुल गांधी अपनी यात्रा के दौरान प्रभावित लोगों से बात करेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार ने हाथरस की घटना के मामले में न्यायिक जांच की घोषणा की है।

## चंद्रबाबू नायडू मिले पीएम से, आंध्र प्रदेश के मसलों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली (भाषा)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उनके साथ राज्य के विकास से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर हुई चर्चा को 'रचनात्मक' बताया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में हुई इस मुलाकात के दौरान नायडू ने आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने के बदले केंद्रीय सहायता बढ़ाने की वकालत की। सूत्रों ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में महत्वपूर्ण सहयोगी तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के प्रमुख ने राज्य के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे और इन पर केंद्र सरकार का सहयोग मांगा।

- आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने के बदले केंद्रीय सहायता बढ़ाने की वकालत की



- राज्य के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे।
- केंद्र सरकार से योजनाओं के लिए सहयोग मांगा।
- नायडू ने कई केंद्रीय नेताओं से भी मुलाकात की।

### रचनात्मक बैठक

उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "आज आंध्र प्रदेश के कल्याण और विकास से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मेरी रचनात्मक बैठक हुई। मुझे विश्वास है कि उनके नेतृत्व में हमारा राज्य, दूसरे राज्यों के बीच एक पावरहाउस के रूप में फिर से उभरेगा।" पीएमओ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर इस मुलाकात की तस्वीरें साझा कीं।

### राजस्थान के मंत्री किरोड़ी लाल ने दिया इस्तीफा

**जयपुर।** राजस्थान की भजनलाल सरकार में मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है।



जयपुर में उन्होंने यह ऐलान किया। फिलहाल इस्तीफा स्वीकार नहीं हुआ है। ऐसे में सरकार उन्हें मनाने की कोशिश कर सकती है। किरोड़ी लाल मीणा ने लोकसभा चुनाव के दौरान कहा था कि अगर भाजपा दौसा लोकसभा सीट से हार जाती है तो वे इस्तीफा दे देंगे।

### अरुणाचल प्रदेश में मिला सींग वाला विचित्र मेंढक

**ईटानगर।** भारत के पूर्वोत्तर राज्य अरुणचाल प्रदेश में मेंढक की नई प्रजाति मिली है। इसके सींग है।



प्रदेश के टेल वन्यजीव अभयारण्य के जंगलों में यह मेंढक पाया जाता है। प्राणी सर्वेक्षण के विज्ञानियों ने इसे खोजा है। मेंढक का नाम स्थानीय जनजाति अपतानी के नाम पर जेनोफ्रीस अपतानी रखा गया है। टीम के लीडर बिक्रमजीत सिन्हा और भास्कर साइकिया थे।

### एक्टर दर्शन की कस्टडी 18 जुलाई तक बढ़ी

**बेंगलुरु।** मर्डर केस के आरोपी कन्नड़ अभिनेता दर्शन थुगुदीपा, उनकी मित्र पवित्रा गौड़ा और अन्य



की न्यायिक हिरासत बेंगलुरू कोर्ट ने बढ़ा दी है। कोर्ट ने अभिनेता सहित अन्य आरोपियों की कस्टडी 18 जुलाई तक बढ़ाई है। दर्शन रेणुकास्वामी हत्या मामले में आरोपी हैं। सभी 17 आरोपियों की न्यायिक हिरासत समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश किया गया।

### आज लेगा लोस सदस्यता की शपथ

## परिवार से मिल सकेगा अमृतपाल सिंह दिल्ली से बाहर जाने की अनुमति नहीं

भाषा ▶▶ चंडीगढ़

जेल में बंद कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह को लोकसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के लिए पैरोल पर दिल्ली लाया जा रहा है। वह शुक्रवार को सांसद पद की शपथ लेगा। उन्हें अपने परिवार से मिलने की अनुमति होगी, लेकिन उन्हें नयी दिल्ली के "न्यायिक क्षेत्राधिकार" से बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पंजाब के अमृतसर के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी पैरोल आदेश में निर्धारित शर्तों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में रहने के दौरान न तो सिंह और न ही उनके रिश्तेदार या परिवार के सदस्य मीडिया के किसी भी रूप में बयान दे सकते हैं। उन्हें पिछले साल 23 अप्रैल को अमृतसर से



गिरफ्तार किया गया था। असम के डिब्रूगढ़ जिले की जेल में रहते हुए हाल के संसदीय चुनावों में पंजाब की खडूर साहिब लोकसभा सीट जीतने वाले खालिस्तान समर्थक सिंह शुक्रवार को शपथ लेने वाले हैं। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि 31 वर्षीय सिंह को शपथ ग्रहण के लिए असम से दिल्ली लाया जाएगा और उनकी चार दिन की पैरोल अवधि पांच जुलाई से शुरू होगी। पैरोल आदेश में 10 शर्तों का उल्लेख किया गया है।

### अनंत-राधिका की शादी के लिए मुकेश अंबानी ने सोनिया-राहुल को घर जाकर दिया न्योता

**नई दिल्ली।** एशिया की सबसे अमीर शख्सियतों में शुमार मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का जश्न शुरू हो गया है। 12 जुलाई को दोनों शादी के बंधन में बंध जाएंगे। इस शादी के लिए देश-विदेश के नामचीन व्यक्तियों को निमंत्रण पत्र भेजा जा रहा है। वहीं, कुछ मेहमानों को खुद मुकेश अंबानी जाकर शादी के लिए निमंत्रण दे रहे हैं। इसी बीच गुरुवार को मुकेश अंबानी दिल्ली स्थित कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी के आवास पहुंचे। उन्होंने अपने बेटे की शादी का निमंत्रण पत्र दिया है। कुछ दिनों पहले मुकेश अंबानी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के घर पहुंचे हैं और उन्हें अपने बेटे की शादी का न्योता दिया है। बता दें कि 3 जुलाई से अनंत-राधितका की शादी की रस्में भी शुरू हो गईं।

#### धूमधाम से हुआ था प्री-वेडिंग फंक्शन

इस साल मार्च में राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी का पहला प्री वेडिंग फंक्शन गुजरात के जामनगर में आयोजित हुआ था। इसके बाद हाल ही में इटली में इस कपल का दूसरा प्री वेडिंग फंक्शन संपन्न हुआ था।

## अब शपथ के बाद मनमुताबिक नारे नहीं लगा पाएंगे नवनिर्वाचित सांसद

**नई दिल्ली(ब्यूरो.)।** 18 वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान शपथ ग्रहण के दौरान कई सदस्यों ने शपथ प्रारूप से हटकर नारे लगाये तो बड़ा विवाद पैदा हुआ था। लेकिन भविष्य में शपथ लेते समय सांसद प्रारूप से बाहर किसी शब्द का इस्तेमाल नहीं कर पायेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ने ओम बिरला ने सांसदों के शपथ ग्रहण को लेकर नियम को बदलते हुए इसे और ज्यादा कठोर बना दिया है। नए नियम के मुताबिक, अब भविष्य में शपथ लेने वाले नवनिर्वाचित सांसदों को संविधान के अंतर्गत शपथ के प्रारूप के अनुसार ही शपथ लेनी होगा। अब सांसद शपथ लेते समय न तो नारे लगा पाएंगे और न ही अपने शपथ में कोई और शब्द जोड़ पाएंगे।

- लोकसभा अध्यक्ष ने सख्त की प्रक्रिया और कार्य संचालन का नियम 389
- कई सदस्यों ने शपथ के बाद लगाए थे मनचाहे नारे, हुआ था विवाद

**ओवैसी ने लगाया था जय फिलिस्तीन का नारा :** गौरतलब है कि एआईएमआईएम मुखिया असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ लेने के बाद जय फिलिस्तीन का नारा लगा कर अचंभित कर दिया था जिस पर काफी बवाल सदन में हुआ। बरेली से भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह ने शपथ लेने के बाद जय हिंदु राष्ट्र का नारा लगाया था। गाजियाबाद से भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने शपथ के बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिंदाबाद, अटल बिहारी वाजपेयी जिंदाबाद, नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाये थे। इस पर जब विपक्ष ने आपत्ति की तो उन्होंने हेडगेवार जिंदाबाद का नारा भी लगाया था। इन तीनों सांसदों के अलावा सत्तापक्ष और विपक्ष के कई सांसदों ने शपथ लेने के बाद मनमुताबिक नारे लगाये थे।

हरियाणा सरकार

KalaSH कला एवं संस्कृति हरियाणा

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा
द्वारा आयोजित
"सुरमयी शाम, मेरी आवाज मेरी पहचान"



भारतवर्ष के सुविख्यात गायक व गायिकाओं मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, मन्ना डे, हेमन्त कुमार, सुरेश वाडेकर, मुकेश कुमार, लता मंगेशकर, आशा भोंसले, हेम लता, साधना सरगम, उषा तिमुथी आदि द्वारा गाए गए गीतों का एक कार्यक्रम 'सुरमयी शाम, मेरी आवाज मेरी पहचान' से सम्बन्धित ऑडिशन अगस्त मास में आयोजित किया जा रहा है।

नियम एवं शर्तें
- हरियाणा का मूल निवासी होने का तथा आयु प्रमाण–पत्र देना अनिवार्य है।
- आयु 18 से 35 वर्ष तक होनी चाहिए (दिनांक 01.01.2024 को)।
- ऑडिशन में भाग लेने हेतु कोई यात्रा/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा।
- कलाकारों का ऑडिशन/चयन विभागीय गठित कमेटी द्वारा किया जाएगा।
- इच्छुक प्रार्थी विभागीय ई–मेल artandculturalaffairshry@gmail.com पर नाम, पता तथा मोबाइल नं. के साथ आवेदन करें।

आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2024

अधिक जानकारी के लिए
दूरभाष नं. - 0172-2793877
7015908709, 7009686938 पर
प्रातः 9:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक सम्पर्क किया जा सकता है।
अथवा
क्यू आर कोड स्कैन करें

नोटः तिथि, स्थान एवं समय बारे दूरभाष/ई-मेल के माध्यम से सूचित कर दिया जाएगा
कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायती राज सोनीपत | गांव दोदवा, ब्लॉक सोनीपत में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण, एचजीवीवाई + 8 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 34.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 2 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | खोखर गांव :- गांव खोखर जिला सिरसा में 1 अदद एस/एस टैंक, 1 अदद आरसीसी फिल्टर बैड के निर्माण, पम्पिंग मशीनरी का पी एवं एफ, आरसीसी चैनल का प्रावधान व बिछाना, वितरण प्रणाली बिछाना, हैडवर्क्स पाइप लाइन और 2 अदद एस/एस टैंक की मरम्मत हेतु डीएनआईटी। सीएच. टू : खोखर :- वितरण प्रणाली के मजबूतीकरण और जलापूर्ति स्कीम के संवर्धन, पुनरोद्धार हेतु आकलन (माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जन संवाद के दौरान मांग) [कार्य कोड-पीयूएच/2023-24/66160] {हैड पी-01-38-4215-01-102-93-94-एन-वी- ग्रामीण जल आपूर्ति (एसपी)-जल आपूर्ति संवर्धन} + 2 कार्य। | 02.07.2024 09.07.2024 | 138.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 3 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंडी डबवाली | जलापूर्ति लक्कड़वाली और नौरंग का वार्षिक रखरखाव। "जलघर लक्कड़वाली और जलघर नौरंग में गैसीयस टाइप फुल वैक्यूम क्लोरीनेशन सिस्टम का व्यापक रखरखाव और क्लोरीन गैस सिलैंडरों की रिफिलिंग और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य।" (2024-2029 5 वर्ष की अवधि के लिए) + 7 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 68.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8730000001 ee.mandidabwali@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज सोनीपत | गांव चिटाना, ब्लॉक सोनीपत में स्वागत द्वार का निर्माण + 10 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 83.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 5 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में कार्य कार्यक्रम 2023-24 के तहत प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा पलवल में होडल निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न 4 अदद सड़कों के मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा एस/आर। हस्सनपुर जटोली रोड (आईडी 3489) आरडी 0.70 से 2.50 कि.मी., बेधा पट्टी (होडल हसनपुर रोड से भुलवाना रेलवे फाटक तक) (आईडी 9223) आरडी 0.00 से 1.60 किमी. पर सीसीपी और 50 मिमी डीबीएम जमा 30 मिमी बी.सी. सहित, लिंक से गढ़ी पट्टी होडल (एचएसआर 3443) कि.मी. 0 से 2.98 किमी. और होडल से डडका (आईडी 10713) कि.मी. 0 से 3.89 कि.मी. पर सीसीबी पुनः बिछाना (हैड 5054-ग्रुप-5 के तहत) (जीएसटी के बिना)। | बंद होने की तिथि 13.07.2024 | 641.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव मोहना, ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में दानी के निकट जाट चौपाल का निर्माण (डी.प्लान) सामान्य + 1 कार्य। | 02.07.2024 08.07.2024 | 36.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव भुआपुर, ब्लॉक तिगांव, जिला फरीदाबाद में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण। | 02.07.2024 08.07.2024 | 9.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज फरीदाबाद | फरीदाबाद जिले में 15 गांवों अरूवा, चांदपुर, खंडावाली, अटाली, आलमपुर, बिजोपुर, समयपुर, खेड़ी गुजरान, भुआपुर, जुन्हेरा, मंझावाली, भासकोला, मंगेर, जीएम बाड, जवान में फिरनियों पर नये पीसीसी पोल्स की रचना और एलईडी लाइटों की स्थापना, फिटिंग, परीक्षण और प्रचालन। | 02.07.2024 11.07.2024 | 82.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | जुरासी खुर्द (शिवधाम) 7.05 पेहोवा - शमशानघाट में शैड, बरामदा का निर्माण + 9 कार्य। | 02.07.2024 18.07.2024 | 68.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@gmail.com |
| 10 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा हिसार | ट्रांसासिया कम्पनी के सेमी ऑटोमेटिक और फुल्ली ऑटोमेटिक बायो कैमिस्ट्री एनालाइजर तथा सीबीसी 3 पार्ट्स, 5 पार्ट्स मशीन हेतु रीजेंट /किट की खरीद हेतु दर अनुबंध। | 04.07.2024 15.07.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416590014 dhs.cshsr@hry.nic.in |
| 11 | स्वास्थ्य विभाग हरियाणा हिसार | मॉलीक्यूलर लैब रीजेंट्स एचसीवी, एचबीएसएजी स्वाइन फ्लू इत्यादि और छोटे उपकरणों इत्यादि के लिए दर अनुबंध। | 04.07.2024 15.07.2024 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416590014 dhs.cshsr@hry.nic.in |
| 12 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | नाथोर और सैनपाल :- गांव नाथोर और सैनपाल हेतु आकार 21'×30'×10' के एक अदद सम्प वैल, आयरन गेट सहित चारदिवारी का निर्माण, हैडवर्क्स पाइप लाइन बिछाना, सी.सी. रोड और पथ, 400 मिमी आई/डी आरसीसी पाइप इनलेट चैनल बिछाना, आकार 10'×12' के एक अदद पम्प चेम्बर का निर्माण, पेंटिंग और डिस्टेम्परिंग, पम्पिंग सैट मशीनरी का प्रावधान व स्थापना, डी.आई. राइजिंग मेन बिछाना और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 03.07.2024 10.07.2024 | 53.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जल सेवाएं यांत्रिकी उपमण्डल, गोहाना में गांव बरोदा में बाढ़ सुरक्षा कार्य हेतु नये पम्पों की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन + 1 अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 09.07.2024 | 57.04 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 14 | पंचायती राज राजौंद, कैथल | कर्मबीर पुत्र दरिया के खेत से लायक राम पुत्र गुरदयाल सिंह के खेत तक ड्राई ब्रिक रास्ता का निर्माण (खेड़ी सिम्बालवाली) + 3 कार्य। | 02.09.2024 09.07.2024 | 37.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8630071961 sdoprrajound@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज सोनीपत | गांव मंदोरा, ब्लॉक खरखौदा में आयुष डिस्पेंसरी का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 60.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज सोनीपत | गांव इरोठी, ब्लॉक खरखौदा में फिरनी का निर्माण + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 94.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज सोनीपत | गांव फतेहपुर में आईपीबी फिरनी का निर्माण + 10 कार्य। | बंद होने की तिथि 10.07.2024 | 630.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव शिशवाला ब्लॉक झोझू कलां, जिला चरखी दादरी में रूपाना तालाब के अमृत सरोवर का अतिरिक्त कार्य (एमजीएनईआरईजीए) + 19 कार्य। | 011.07.2024 16.07.2024 | 693.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 19 | पंचायती राज नारनौल | ब्लॉक नारनौल और सिहमा, जिला महेन्द्रगढ़ फेज द्वितीय-10 अदद गांवों में स्ट्रीट लाइट कार्य + 3 कार्य। | 01.07.2024 08.07.2024 | 275.47 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmailc.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/380/27473/I/88/6 दि. 04.07.24




## खबर संक्षेप



### जम्मू में तैनात जवान ने की अनोखी शादी

**जम्मू।** श्री अमरनाथ यात्रा में बुधवार को कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल देखने को मिली। अनंतनाग जिले के पहलगाम के नुनवान आधार शिविर में ड्यूटी पर तैनात स्वच्छता सुपरवाइजर ने छुट्टी न लेकर वर्चुअल निकाह की रस्में निभाईं। मोबाइल पर ही कबूल है... कबूल है... कबूल है... कहकर निकाह पूरा किया। दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के जैनापोरा निवासी फैजल का तीन जुलाई को निकाह तय हुआ था, लेकिन अमरनाथ यात्रा में ड्यूटी लगी होने के कारण घर नहीं गए।

### सलेम को तलोजा जेल से भेजेंगे नासिक जेल

**ठाणे (भाषा)।** वर्ष 1993 के सिलसिलेवार विस्फोट मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर अबू सलेम को बृहस्पतिवार को नवी मुंबई की तलोजा जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच नासिक की केंद्रीय जेल में स्थानांतरित किया जा रहा है। सलेम को पूर्वाह्न साढ़े ग्यारह बजे एक वाहन में बैठाकर तलोजा जेल से बाहर निकाला गया।

### ब्रिटेन में आम चुनाव के लिए मतदान जारी

**लंदन (भाषा)।** ब्रिटेन में बृहस्पतिवार को आम चुनाव के लिए मतदान जारी है जिसमें प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और लेबर पार्टी से उनके प्रतिद्वंद्वी कीर स्टार्मर सहित लाखों लोगों ने मतदान किया। सुनक और पत्नी अक्षता मूर्ति यॉर्कशायर में रिचमंड और नॉर्थलेर्टन के अपने निर्वाचन क्षेत्र में स्थानीय मतदान केंद्र पर पहुंचे।

### कजाखिस्तान में जयशंकर ने की चीन के विदेश मंत्री वांग यी संग द्विपक्षीय बैठक

# चीन के साथ सीमा विवाद मुद्दों के हल के लिए दोगुने प्रयास करने पर बनी सहमति

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच बृहस्पतिवार को एक बैठक हुई जिसमें दोनों नेता पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद संबंधी शेष मुद्दों के हल के लिए कूटनीतिक और सैन्य माध्यमों से प्रयास दोगुना करने पर सहमत हुए। कजाखिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन से इतर हुई बैठक में जयशंकर ने वांग से कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सम्मान करना-सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करना अहम है।

विदेश मंत्री ने भारत के इस दृष्टिकोण को भी दोहराया कि दोनों पक्षों के बीच संबंध आपसी सम्मान, आपसी हित और आपसी संवेदनशीलता पर आधारित होने चाहिए। भारत और चीन के मध्य, पूर्वी लद्दाख में जारी सीमा विवाद के बीच इन नेताओं के बीच यह बैठक हुई है। जयशंकर ने सोशल मीडिस मंच 'एक्स' पर कहा कि गुरुवार सुबह सीपीसी पोलित ब्यूरो के सदस्य एवं विदेश मंत्री वांग यी से अस्ताना में मुलाकात की। सीमा क्षेत्रों में शेष मुद्दों के शीघ्र समाधान पर चर्चा की। कूटनीतिक और सैन्य माध्यमों से प्रयासों को दोगुना करने पर सहमति बनी। एलएसी का सम्मान और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करना अहम है। आपसी सम्मान, आपसी संवेदनशीलता और आपसी हित हमारे द्विपक्षीय संबंधों को मार्गदर्शन करेंगे।" भारत का मानना है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता दोनों देशों के बीच सामान्य संबंधों के लिए अहम है।

### एलएसी का सम्मान और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करना अहम



### पुतिन और शी सम्मेलन में पहुंचे

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने एससीओ के शिखर सम्मेलन में भाग लिया। रूस और चीन ने पश्चिमी गठबंधन का मुकाबला करने के लिए इस समूह को स्थापित किया है। एससीओ के अन्य सदस्य देशों के नेताओं के संग पुतिन व चिनफिंग कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में संगठन की वार्षिक बैठक में शामिल हुए। इस समूह की स्थापना 2001 में चीन, रूस और सोवियत संघ के विघटन के बाद अस्तित्व में आए मध्य एशिया के चार देशों-कजाखस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने मिलकर की थी। इसका मकसद क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है। बाद में भारत, पाकिस्तान और ईरान भी इस संगठन में शामिल हुए। रूस का पश्चिमी पड़ोसी और सहयोगी बेलारूस बृहस्पतिवार को एससीओ में शामिल हुआ।

### लद्दाख में हुई थी झड़प

पूर्वी लद्दाख में गतिरोध के कारण भारत और चीन के बीच चार साल से संबंध अच्छे नहीं चल रहे थे। पूर्वी लद्दाख में 5 मई 2020 को गतिरोध शुरू होने के बाद से भारत-चीनी संबंध काफी खराब हो गए थे। गलवान के पास पैंगोंग त्सो (झील) क्षेत्र में दोनों सेनाओं में हिंसक झड़पें हुई थीं। ऐसे में एस जयशंकर और वांग यी की मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। पूर्वी लद्दाख में जारी सीमा विवाद के बीच इन नेताओं के बीच यह बैठक हुई है।

### आतंकवाद को पनाह देने वाले देशों को 'अलग-थलग' और 'बेनकाब' करें

**अस्ताना (भाषा)।** भारत ने बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय समुदाय से उन देशों को 'अलग-थलग करने' और 'बेनकाब' करने को कहा जो आतंकवादियों को प्रश्रय देते हैं, उन्हें सुरक्षित पनाहगाह मुहैया कराते हैं और आतंकवाद को नजरअंदाज करते हैं। भारत ने चीन और पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर आतंकवाद को बेलगाम छोड़ दिया गया तो यह क्षेत्रीय और वैश्विक शांति के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। अस्ताना में एससीओ के राष्ट्र प्रमुखों की परिषद की बैठक में मोदी के विचारों को रखते हुए जयशंकर ने कहा कि एससीओ का मूल लक्ष्य आतंकवाद से लड़ना है। हममें से कई लोगों के अपने अनुभव हैं, जो अक्सर हमारी सीमाओं से परे सामने आते हैं।

### क्या है एससीओ शिखर सम्मेलन

- अप्रैल 1996 में एक बैठक हुई। इसमें चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान और ताजिकिस्तान शामिल हुए। इस बैठक का मकसद था आपस में एक-दूसरे के नस्लीय और धार्मिक तनावों को दूर करने के लिए सहयोग करना. तब इसे 'शंघाई फाइव' कहा गया।
- सही मायनों में इसका गठन 15 जून 2001 को हुआ. तब चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, तजाकिस्तान और उज्बेकिस्तान ने 'शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन' की स्थापना की। इसके बाद नस्लीय और धार्मिक तनावों को दूर करने के अलावा कारोबार और निवेश बढ़ाना भी मकसद बन गया।
- 1996 में जब शंघाई फाइव का गठन हुआ, तब इसका मकसद था कि चीन-रूस की सीमाओं पर तनाव कैसे रोका जाए और कैसे उन सीमाओं को सुधारा जाए। ये इसलिए क्योंकि उस समय बने नए देशों में तनाव था।

### असम में बाढ़ का कहर

## काजीरंगा उद्यान में 17 पशु डूबे, 72 बचाए

**गुवाहाटी (भाषा)।** काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में अभी तक 17 पशुओं की डूबने के कारण मौत हो चुकी है और 72 अन्य को बाढ़ के पानी से बचाया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि



उद्यान में 11 हॉग हिरण की मौत डूबने से हुई जबकि पांच की मौत इलाज के दौरान हुई। वन अधिकारियों ने 63 हॉग हिरण, दो-दो ऊदबिलाव व साम्भर और एक स्कोप उल्लू सहित 72 जानवरों को बचा लिया है। अधिकारी ने बताया कि अभी 26 जानवरों का उपचार हो रहा है जबकि 29 अन्य पशुओं को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में बुधवार तक डूबने के कारण 11 पशुओं की मौत हो गयी थी जबकि 65 अन्य को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र से बचाया गया था। अधिकारी ने बताया कि पूर्वी असम वन्यजीव प्रभाग में कुल 233 कैम्प में से 141 अब भी जलमग्न हैं। असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने बृहस्पतिवार को बाढ़ प्रभावित मोरीगांव जिले का दौरा किया और प्रभावित लोगों से बातचीत की।

## हिमाचल में अधिकतर हिस्सों में भारी बारिश, 115 सड़कें बंद

**शिमला/ मंडी (भाषा)।** हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई जिसके बाद 115 सड़कें यातायात के लिए बंद कर दी गईं। शिमला मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया और शुक्रवार तक अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश, गरज चमक के साथ ही कुछ



स्थानों पर बिजली गिरने की चेतावनी दी है। मंडी में 107, चंबा में चार, सोलन में तीन व कांगड़ा में एक सहित 115 सड़कें बंद कर दी गई हैं।

### श्रीनगर में 35.7 डिग्री सेल्सियस तापमान, 25 वर्ष में जुलाई का सबसे गर्म दिन रहा

कश्मीर में बृहस्पतिवार को गर्मी का प्रकोप जारी रहा और श्रीनगर में अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री अधिक 35.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बृहस्पतिवार को दर्ज तापमान पिछले 25 वर्ष में जुलाई के महीने में सबसे अधिक रहा है।

## राजनाथ ने ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री से टेलीफोन पर की द्विपक्षीय चर्चा

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय रक्षा



सहयोग से संबंधित कई मुद्दों की समीक्षा की गई, जिसमें इंडो-पैसिफिक में दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया। रक्षा मंत्री ने कहा, हम भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं।ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री के पास उप प्रधानमंत्री का भी पद है। टेलीफोनिक बातचीत में दोनों मंत्रियों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत रक्षा सहयोग में परिवर्तनकारी प्रगति का उल्लेख किया। वार्ता के दौरान पिछली भारत-ऑस्ट्रेलिया 2 प्लस 2 मंत्रिस्तरीय वार्ता के बाद से संबंधों में आई गति की सराहना की गई।

## जम्मू में अमेरिकी मरीन की तर्ज पर 960 जवानों ने संभाला मोर्चा

**जम्मू(एजेंसी)।** केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की घटनाओं से निपटने के लिए सुरक्षाबलों की एक बेहद खूंखार टुकड़ी तैयार की गई है।



जम्मू-कश्मीर पुलिस ने सीमावर्ती इलाकों में 960 प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों की नई टुकड़ी तैनात की है, जो विशेष रूप से घुसपैठ और आतंकवाद से निपटने को काम करेगी। पिछले दिनों पाकिस्तान से भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों की घुसपैठ में वृद्धि हुई है। इसे देखते हुए पुलिस की स्पेशल टुकड़ी तैनात की गई। जिसके कर्मियों को किसी अन्य ड्यूटी के लिए तैनात नहीं किया जा सकता है। जम्मू-कश्मीर डीजीपी स्वैन ने बताया कि जम्मू-कश्मीर पुलिस प्रशिक्षण स्कूल से पास आउट हुए करीब 960 जवानों को सीमावर्ती इलाकों में तैनात किया गया है।

### छठी की पाठ्यपुस्तकें जल्द उपलब्ध होंगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बैठक में राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा (एनसीएफ) के अनुरूप स्कूली पाठ्यपुस्तकें तैयार किए जाने की समीक्षा की। यह बैठक कक्षा 6 की पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध होने में हो रही देरी की पृष्ठभूमि में हुई है, जिन्हें अप्रैल से पढ़ाया जाना था। ये पुस्तकें बाजार में नहीं आ पाई हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने पहले घोषणा की थी कि कक्षा 3 और 6 के लिए नई पाठ्यपुस्तकें 2024-25 शैक्षणिक सत्र से पेश की जाएंगी।

## बिहार में 15 दिन के भीतर गिरा 10 वां पुल



**पटना (भाषा)।** बिहार के सारण जिले में बृहस्पतिवार को एक और पुल गिर गया जो राज्य में पिछले एक पखवाड़े में पुल ढहने की 10वीं घटना है। जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि यह पिछले 24 घंटे के भीतर सारण में पुल ढहने की तीसरी घटना है। उन्होंने कहा कि जिले में इन छोटे पुलों के गिर जाने के कारणों का पता लगाने के लिए एक उच्च स्तरीय जांच का आदेश दिया गया है।" उन्होंने बताया कि 15 वर्ष पूर्व स्थानीय प्रशासन द्वारा बनाया गया पुल बृहस्पतिवार सुबह गिर गया जिसमें किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। गंडकी नदी पर बनयपुर प्रखंड में स्थित यह छोटा पुल सारण के कई गांवों को पड़ोसी सिवान जिले से जोड़ता था। जिलाधिकारी ने बताया कि इस छोटे पुल का निर्माण 15 साल पहले हुआ था। मैं घटनास्थल पर जा रहा हूं। जिला प्रशासन के कई अन्य अधिकारी वहां पहले ही पहुंच चुके हैं।

## अपराध नहीं है नाबालिग कपल का डेट पर जाना

**नैनीताल (भाषा)।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार से यह जांच करने के लिए कहा है कि क्या नाबालिग लड़कों और लड़कियों के 'डेट' पर जाने तथा इस संबंध में लड़कियों के माता-पिता द्वारा शिकायत दर्ज कराने से जुड़े मामलों में गिरफ्तारियों से बचा जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने सरकार से यह जांच करने के लिए कहा कि क्या लड़के को गिरफ्तार न करने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 161 के तहत बयान दर्ज कराना पर्याप्त होगा।

■ उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछ क्लियर कट सवाल

### पुलिस को निर्देश, गिरफ्तार नहीं करें

अदालत ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा, उसे इन चीजों में शामिल न होने की सलाह देने के लिए बुलाया जा सकता है लेकिन गिरफ्तार नहीं किया जाना चाहिए। उसने कहा



कि राज्य सरकार मामले की पड़ताल कर सकती है और पुलिस विभाग को सामान्य दिशा निर्देश जारी कर सकती है। अदालत का आदेश एक जनहित याचिका पर आया है जिसमें लड़की के माता-पिता की शिकायत पर दर्ज एक मामले में एक नाबालिग लड़की के साथ 'डेट' पर जाने के लिए एक नाबालिग लड़के को गिरफ्तार करने के औचित्य पर सवाल उठाया गया है क्योंकि यह बाल यौन अपराध संरक्षण (पोक्सो) कानून की धारा 3,4,5,6 और 7 के तहत एक अपराध नहीं है।

### करगिल नायकों ने युद्ध की वर्षगांठ पर कहा

# तोलोलिंग, टाइगर हिल की लड़ाई निर्णायक रही

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सेना में शामिल होने के महज चार महीने बाद ही युवा लेफ्टिनेंट बलवान सिंह ने करगिल युद्ध के दौरान पाक घुसपैठियों के हमले में सेना की 'घातक पलटन' का नेतृत्व किया और वह चार जुलाई 1999 को टाइगर हिल पर कब्जा जमाने वाले बहादुर जवानों में से एक थे। वह अब प्रसिद्ध '18 ग्रेनेडियर्स' के कर्नल हैं। दुश्मन से लड़ते वक्त घायल होने के बावजूद मुकाबला जारी रखने वाले सिंह ने याद किया, ''वहां से फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। यह टाइगर हिल पर कब्जे के बाद की जीत थी। उन्हें बहादुरी के लिए महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

■ 26 जुलाई 1999 को युद्ध खत्म होने की घोषणा हुई थी

### '18 ग्रेनेडियर्स' की स्थापना 1976 में हुई थी

'18 ग्रेनेडियर्स' की स्थापना 1976 में हुई थी और इसने युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। इस बटालियन को परम वीर चक्र, दो महावीर चक्र, छह वीर चक्र, सात सेना पदक और थल सेनाध्यक्ष से प्रशस्ति पत्र समेत 52 सम्मानों से नवाजा गया। बुधवार को कर्नल सिंह तथा बटालियन के कई अन्य करगिल नायकों ने 'ऑपरेशन विजय' में अपने जांबाजों की वीरता को याद किया। भारतीय सेनाओं द्वारा सफलतापूर्वक पाकिस्तानी बलों को पीछे हटने के लिए मजबूर करने के बाद 26 जुलाई 1999 को युद्ध खत्म होने की घोषणा की गई।



ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) खुशाल ठाकुर ने बताया कि तीन जुलाई 1999 की रात को 18 ग्रेनेडियर्स के जवानों ने टाइगर हिल पर कब्जा जमाने के अभियान की शुरुआत की और अगली सुबह तक अपने अभियान में कामयाबी हासिल की। ठाकुर ने तोलोलिंग और टाइगर हिल की अहम लड़ाइयों के दौरान इस बटालियन की कमान संभाली थी। ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) ठाकुर ने कहा कि 12-13 जून 1999 को हमने तोलोलिंग जीता और यह इस युद्ध में महत्वपूर्ण विजय थी। इसने हमारे सशस्त्र बलों तथा देशवासियों का मनोबल ऊंचा किया और पाकिस्तानी सैनिकों का मनोबल गिराया।

### सेना 26 जुलाई को करगिल विजय की वर्षगांठ मनाएगी

सेना 26 जुलाई को करगिल विजय की 25वीं वर्षगांठ मनाएगी। करगिल में इस महीने होने वाले मुख्य समारोह से पहले कई कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। कर्नल सचिन अन्नाराव निम्बालकर को युद्ध के दौरान उनकी वीरता के लिए वीर चक्र से सम्मानित किया गया था। वह युद्ध के दौरान 18 ग्रेनेडियर्स के कैप्टन के तौर पर काम कर रहे थे तथा उस वक्त करीब 23 वर्ष के थे। कर्नल निम्बालकर ने भारतीय सैन्य अकादमी में उनके साथ रहे और टाइगर हिल लड़ाई के नायक कैप्टन मनोज पांडे को उनकी पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय समर स्मारक पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीदों को श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि यदि मैं यूनिट 18 ग्रेनेडियर्स की बात करुं तो हम बहादुर थे। दो अधिकारियों, दो जेसीओ और अन्य रैंक के 30 अधिकारियों ने इस युद्ध में अपनी जान न्योछावर कर दी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25